आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!

वर्ष-11 । अंक 182 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

सदैव सत्य के साथ...

दैनिक

# आदित्य भारत

इंदौर, व भोपाल, रायपुर व बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित

इंदौर, रविवार, 06 जुलाई, 2025



कलाकार ओडिशा के पुरी में क्रमशः तलध्वज, दर्पदलन और नंदीघोष रथों पर भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ की 'बहुदा यात्रा' या वापसी कार उत्सव के दौरान प्रदर्शन करते हैं।

## आर्म्स डीलर संजय भंडारी 'भगोड़ा आर्थिक अपराधी' घोषित

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

दिल्ली की एक विशेष अदालत ने शनिवार को हथियारों के डीलर संजय भंजारीको भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित कर दिया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आवेदन के बाद यह फैसला आया। विशेष अदालत ने भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम 2018 के तहत यह आदेश जारी किया। यह फैसला भंडारी को यूनाइटेड किंगडम से प्रत्यर्पित करने के भारत के प्रयासों को मजबूत करेगा। भंडारी 2016 में लंदन भाग गया था, जब कई जांच एजेंसियों ने उसकी गतिविधियों की जांच शुरू कर दी थी।

इस घटनाक्रम से रॉबर्ट वाड्रा की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। वाड्रा पर हथियारों के डीलर के साथ संबंध होने के आरोप हैं और उनकी जांच चल रही है। एक महीने से भी कम समय पहले, वाड्रा को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में नए समन जारी किए गए थे। इस मामले में भी



भंडारी के साथ उनके संबंधों का आरोप है। ईडी ने 2023 में आरोप पत्र दाखिल किया था। ईडी का आरोप है कि भंडारी ने 2009 में लंदन में एक संपत्ति खरीदी और उसका नवीनीकरण कराया। आरोप है कि यह पैसा वाड्रा ने दिया था। वाड्रा ने इन आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें 'राजनीतिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए परेशान किया जा रहा है।'

### मुख्यमंत्री नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों के 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में हुए शामिल

# ग्रामीण विकास की रीढ़ की हड्डी हैं पंचायती राज संस्थाएं : सीएम साय

**संवाददाता ● रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय  राजधानी रायपुर के निमोरा स्थित ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान में आयोजित नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों के लिए तीन दिवसीय आधारभूत/उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ में शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं ग्रामीण विकास की रीढ़ की हड्डी हैं। नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों के रूप में आप सभी के पास बहुत बड़ा अवसर और बड़ी जिम्मेदारी है। यदि दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो एक व्यक्ति भी पूरे जिले की तस्वीर बदल सकता है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि लोक कल्याण की भावना से जनता की सेवा करने वालों को जनता स्वयं आगे बढ़ाती है। अपने राजनीतिक जीवन के अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि मैंने भी अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत पंच के रूप में की थी। मैंने कभी नहीं सोचा था कि राजनीति में आऊंगा। 10 वर्ष की आयु में पिताजी के स्वर्गवास के बाद मेरे कंधों पर पूरे परिवार की जिम्मेदारी आ गई। मेरा पूरा जीवन संघर्ष में बीता। मैं सरपंच भी बनूंगा, यह मैंने कभी कल्पना नहीं की थी, लेकिन जनता का आशीर्वाद मिला, जिससे विधायक, सांसद और मुख्यमंत्री के रूप में सेवा का अवसर प्राप्त हुआ।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कुछ कर गुजरने के लिए संसाधनों से अधिक महत्वपूर्ण इच्छाशक्ति होती है। जनहित में कार्य करने की सोच से अकेला व्यक्ति भी बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकता है। उन्होंने कहा कि मुझे जिन प्रेरणादायी लोगों के जनसेवा के कार्यों को निकट से देखने का अवसर मिला, उनमें ओडिशा के डॉ. अच्युत सामंत और नानाजी देशमुख का उल्लेख करना चाहूंगा। अभावों में पले-बढ़े डॉ. अच्युत सामंत ने आजीवन जनता की सेवा का संकल्प लिया और भुवनेश्वर में एक बड़ा शिक्षण संस्थान स्थापित किया। इस संस्थान में वे लगभग 25 हजार जनजातीय बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। इसी तरह, चित्रकूट में नानाजी देशमुख ने दीनदयाल उपाध्याय शोध संस्थान के माध्यम से 500 गांवों को गोद लेकर उनके सर्वांगीण विकास का कार्य किया। वर्ष 2006-07 में जब मैं वहां गया, तब मुझे पता चला कि अब तक 80 गांवों को उन्होंने आत्मनिर्भर बना दिया है। इन गांवों में हर परिवार को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कार्य किया गया। ये उदाहरण हमें यह बताते हैं कि एक व्यक्ति भी कितना बड़ा परिवर्तन ला सकता है।



### छत्तीसगढ़ हर दृष्टि से एक समृद्ध राज्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ हर दृष्टि से एक समृद्ध राज्य है। यहां 44 प्रतिशत भूभाग पर वन हैं। यहां की मिट्टी उर्वरा है और किसान मेहनतकश हैं। छत्तीसगढ़ के विकास में नक्सलवाद एक बड़ी बाधा था, जिसे हम समाप्त कर रहे हैं। जो नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं, उनके लिए हमने एक उत्कृष्ट पुनर्वास नीति बनाई है। जल्द ही राज्य नक्सलमुक्त होगा और बस्तर में सड़क, बिजली, पानी सहित सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री साय ने बस्तर संभाग के मुलेर ग्राम का अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस क्षेत्र के आदिवासियों को राशन के लिए 25 किलोमीटर का पैदल सफर करना पड़ता था, जिसमें तीन दिन लगते थे। कल्पना की जा सकती है कि यह इलाका विकास में कितना पीछे था। हमने मुलेर को अलग पंचायत बनाने का निर्णय लिया और वहां राशन दुकान खोली। जब मैं वहां गया, तो लोगों की खुशी उनके चेहरों पर साफ दिखाई दे रही थी।

### गांवों का विकास किए बिना हम विकसित छत्तीसगढ़ नहीं बना सकते

मुख्यमंत्री ने नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों से कहा कि गांवों का विकास किए बिना हम विकसित छत्तीसगढ़ नहीं बना सकते। प्रशिक्षण के इस समय का पूरा लाभ उठाएं। यह सदैव ध्यान रखें कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। नियमित रुप से अपने क्षेत्रों का दौरा करें। प्रवास और निरीक्षण से प्रशासनिक कसावट आती है और विकास कार्यों को गति मिलती है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि जिला पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के रूप में बेहतर कार्य करने के लिए स्वयं को पूरी तरह तैयार करें। पंचायती राज से जुड़े कानूनी प्रावधानों की गहन जानकारी रखें। गांव की उन्नति के लिए केवल निर्माण कार्य ही नहीं, बल्कि अन्य संभावनाओं पर भी सतत विचार करें। दुग्ध उत्पादन जैसे कार्यों से गांव की आर्थिक उन्नति सुनिश्चित होती है। गांव में आर्थिक समृद्धि आने से युवाओं को नई दिशा मिलती है और वे व्यसनों से दूर रहते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आप ग्राम पंचायत के कार्य स्वरूप पर भी चिंतन करें। पंचायती राज संस्था से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं को भलीभांति समझें, ताकि आप जनता के हित में बेहतर कार्य कर सकें। पंचायती राज संस्थाओं से जुड़े सभी स्तर के एक लाख सत्तर हजार लोगों को यहां प्रशिक्षित किया जाएगा। आज आप सभी से इसकी शुरुआत हो रही है।

**कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पेसा** : पंचायत उपबंध एवं छत्तीसगढ़ पंचायत उपबंध मार्गदर्शिका, पंचमन पत्रिका तथा जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों हेतु पठन सामग्री का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान के प्रांगण में मौलपौधे का रोपण भी किया।

इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारीक सिंह, सचिव भीम सिंह, संचालक श्रीमती प्रियंका ऋषि महोबिया तथा ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान के संचालक पी. सी. मिश्रा उपस्थित थे।

### अर्जेंटीना में भव्य स्वागत : पीएम मोदी बोले-

## संस्कृति के रिश्ते दिलों से बनते हैं, दूरियों से नहीं



**एजेंसी ● ब्यूनस आयर्स**

अर्जेंटीना में भारतीय समुदाय द्वारा किये गये स्वागत से भावविभोर हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश से हजारों किलोमीटर दूर भारतीय संस्कृति की झलक देखकर मन भावुक हो गया। पांच देशों की यात्रा के तीसरे चरण में श्री मोदी शनिवार सुबह ब्यूनस आयर्स पहुंचे जहां बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोगों ने कथक और अन्य नृत्य शैलियों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि संस्कृति के रिश्ते दिलों से बनते हैं दूरियों से नहीं।

ब्यूनस आयर्स स्थित अल्वियर पैलेस होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय ने गर्मजोशी से 'मोदी-मोदी', 'जय हिंद' और 'भारत माता की जय' के नारों के साथ प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। इस दौरान पारंपरिक भारतीय शास्त्रीय नृत्य का प्रदर्शन किया गया, जिसमें भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की छाप दिखी। वहां मौजूद लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी से ऑटोग्राफ भी लिया। पीएम मोदी की यह अर्जेंटीना यात्रा 57 साल में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली द्विपक्षीय यात्रा है, जो इसके ऐतिहासिक महत्व को दर्शाती है। पीएम मोदी राष्ट्रपति जेवियर माइली के निमंत्रण पर अर्जेंटीना पहुंचे हैं। दोनों नेताओं के बीच आखिरी मुलाकात नवंबर 2024 में ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई थी।

इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी अर्जेंटीना के राष्ट्रीय नायक जनरल जोस डी सैन मार्टिन की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। राष्ट्रपति माइली के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता होगी, जिसके बाद उनके सम्मान में दोपहर का भोजन आयोजित किया जाएगा। अर्जेंटीना की यात्रा के बाद पीएम मोदी ब्राजील जाएंगे, जहां वे ब्रासीलिया की द्विपक्षीय यात्रा करने से पहले रियो डी जेनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके बाद वे नामीबिया जाएंगे, जो उनकी यात्रा का अंतिम पड़ाव होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अर्जेंटीना की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। पीएम मोदी के इस दौरे को लेकर भारतीय प्रवासियों के साथ अर्जेंटीना के लोगों में भी उत्साह दिखाई दे रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री की यात्रा को लेकर खुशी जाहिर की और कहा कि हमने कभी नहीं सोचा था कि हम पीएम मोदी को इतने करीब से देख पाएंगे।

### मुख्यमंत्री साय संसदीय पत्रकारिता विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में हुए शामिल, कहा-

# विधानसभा कार्यवाही को अवगत कराने में पत्रकार निभाते हैं बड़ी भूमिका

**संवाददाता ● रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज विधानसभा परिसर के प्रेक्षागृह में संसदीय रिपोर्टिंग विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य और विधानसभा के रजत जयंती वर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश विधानसभा ने भी 25 वर्षों की गौरवमयी यात्रा पूरी की है और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ किया है। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि हाल ही में विधायकों के लिए भी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया था, जिसका लाभ हमारे सदस्यों को मिला है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में अनेक नवनिर्वाचित विधायक भी हैं, जिनकी यह जिम्मेदारी है कि वे अपने क्षेत्र की समस्याओं को सदन में उठाएं। इसी तरह पत्रकारों की भी अहम भूमिका है, जो विधानसभा की गतिविधियों को जनता तक पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी पत्रकार बंधु बड़ी मेहनत से विधानसभा की कार्यवाही को कवर करते हैं, जिससे आमजन यह जान पाते हैं कि विधायकों द्वारा उनके मुद्दों को गंभीरता से उठाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ विधानसभा द्वारा उत्कृष्ट पत्रकारों को सम्मानित करने की परंपरा को भी सराहा और कहा कि इससे पत्रकारों का मनोबल बढ़ता है तथा संसदीय रिपोर्टिंग को प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह कार्यशाला पत्रकारों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी और इसके माध्यम से विधानसभा की गतिविधियां और अधिक प्रभावी रूप से जनता तक पहुंचेंगी।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने संबोधन में संसदीय पत्रकारिता की महत्ता बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की 25 वर्षों की स्वर्णिम यात्रा में पत्रकारों का योगदान अतुलनीय रहा है। उन्होंने कहा कि संसदीय पत्रकारिता अत्यंत संवेदनशील दायित्व है, जो सदन की गोपनीयता, अनुशासन और गरिमा को बनाए रखते हुए जनता तक सटीक एवं निष्पक्ष जानकारी पहुंचाने का कार्य करती है। डॉ. सिंह ने कहा कि पत्रकार जब पक्ष–विपक्ष से परे रहकर निष्पक्ष रूप से विधानसभा की कार्यवाही का अवलोकन करते हैं और उसे प्रस्तुत करते हैं, तब लोकतंत्र मजबूत




होता है। उन्होंने कहा कि संसदीय प्रणाली की गहरी समझ से ही पत्रकार बेहतर ढंग से जनता को विधानसभा की गतिविधियों से अवगत करा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि संसदीय पत्रकारिता में विशेष रूप से विधानसभा की प्रक्रिया से जुड़े समाचारों को सरल भाषा में प्रस्तुत करना आवश्यक है, ताकि आमजन तक वे प्रभावी ढंग से पहुंच सकें। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ एवं दिवंगत पत्रकारों का पुण्य स्मरण करते हुए कहा कि प्रदेश की पत्रकारिता परंपरा ने सदैव विधानसभा की गरिमा बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

कार्यशाला में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने पत्रकारों की भूमिका को नारद मुनि की परंपरा से जोड़ते हुए कहा कि पत्रकार समयबद्धता और सजगता के साथ लोकतंत्र के संवाहक होते हैं। डॉ. महंत ने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से सभी को कुछ नया सीखने का अवसर मिलेगा और संसदीय पत्रकारिता को समझने का दायरा और व्यापक होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह आयोजन उपयोगी सिद्ध होगा और पत्रकारों के कार्य को नई दिशा देगा। उन्होंने अपनी लंबी संसदीय यात्रा का स्मरण करते हुए कहा कि इस दौरान पत्रकारों के साथ बिताए गए समय और अनुभव अत्यंत मूल्यवान रहे हैं। उन्होंने पत्रकारों की सजगता, सटीकता और संवेदनशीलता की सराहना की, जो वर्षों से संसदीय गतिविधियों को जनता तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा, आईआईएमसी के पूर्व महानिदेशक संजय द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित थे।

### एचएंडएच एल्युमीनियम प्राइवेट लिमिटेड ने गुजरात के राजकोट में

# भारत के सबसे बडे सोलर पैनल फ्रेम प्लांट का उद्घाटन किया

### भारत सरकार के माननीय केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी. आर. पाटिल ने 4 जुलाई, 2025 को प्लांट का उद्‌घाटन किया

**एजेंसी ● अहमदाबाद**



**उद्घाटन**

गुजरात स्थित एचएंडएच एल्युमीनियम प्राइवेट लिमिटेड ने राजकोट में भारत का सबसे बडा और सबसे उन्नत एल्युमीनियम सोलर फ्रेम मैन्युफेक्चरिंग प्लांट शुरू किया है। राजकोट के चिभडा गांव में 24,000 मेट्रिक टन (एमटी) प्रति वर्ष क्षमता वाला यह प्लांट भारत में 6 गीगावाट (GW) तक के सौर संयंत्रों को सपोर्ट कर सकता है। इस प्लांट का उद्घाटन 4 जुलाई, 2025 को भारत सरकार के माननीय केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी. आर. पाटिल द्वारा वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, एचएंडएच एल्युमीनियम की लीडरशिप टीम और सभी आमंत्रित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में किया गया।

कंपनी ने 28,000 वर्ग मीटर के अत्याधुनिक और सोलर पैनल एल्युमीनियम फ्रेम के लिए आधुनिक और सबसे उन्नत प्लांट में लगभग रु. 150 करोड का निवेश किया है। प्लांट में ट्रायल प्रॉडक्शन जून 2025 के महीने में शुरू हो गया था और एक महीने के भीतर वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है। पूरी क्षमता पर प्लांट प्रति वर्ष रु. 700-750 करोड की बिक्री दर्ज करने में सक्षम होगा। यह प्लांट 300 से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगा। इस विषय पर अधिक जानकारी बताते हुए एचएंडएच एल्युमीनियम प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक श्री उत्तम पटेल ने बताया कि "यह एक ही स्थान पर भारत का सबसे बडा और सबसे उन्नत सोलर पैनल एल्युमीनियम फ्रेम प्लांट होगा और हमने इसे लगभग एक वर्ष के रिकॉर्ड समय में स्थापित किया था। हम राज्य सरकार और सभी संबंधित विभागों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देते हैं।

वर्तमान में भारत 90-95% एल्युमीनियम सोलर पैनल फ्रेम की आयात करता है। इस प्लांट के साथ, हम मेक इन इंडिया पहल का समर्थन करने और सौर ऊर्जा क्षेत्र में घरेलू विनिर्माण को बढावा देने की दिशा में एक सार्थक कदम उठा रहे हैं। हमें अगले एक महीने के भीतर व्यावसायिक उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है। 29 सितंबर 2024 को भारत सरकार ने घरेलू उद्योग की सुरक्षा के लिए चीन में उत्पादित या वहां से निर्यात किए जाने वाले 'सोलर पैनल/मॉड्यूल के लिए एनोडाइज्ड एल्युमीनियम फ्रेम' की आयात पर पांच साल की अवधि के लिए एंटी-डंपिंग ड्यूटी लगाई थी। इसके परिणाम स्वरुप, निर्दिष्ट चीनी उत्पादकों/निर्यातकारों और किसी भी अन्य गैर-निर्दिष्ट संस्थाओं से आयात पर 403 डॉलर से 577 डॉलर प्रति मेट्रिक टन (14% के बराबर) तक एंटी-डंपिंग ड्यूटी लगाई गई है। यह ड्यूटी अधिसूचना की तारीख से पांच साल के लिए लागू है।

#### ऊर्जा क्षमता का ऐतिहासिक माइलस्टोन हासिल किया

एचएंडएच एल्युमीनियम प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक विजय कनेरिया ने बताया कि, "भारत ने 2025 में 100 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता का ऐतिहासिक माइलस्टोन हासिल कर लिया है। इसके अलावा, सरकार ने वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता स्थापित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है, जिसमें से लगभग 280 गीगावाट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा सौर ऊर्जा से आने की उम्मीद है। यह अगले 5-10 वर्षों में सौर ऊर्जा और संबंधित उद्योगों के लिए एक बडा अवसर दर्शाता है। रिन्यूएबल एनर्जी क्षेत्र को आगे बढाने के उद्देश्य से स्थापित, एचएन्डएच एल्युमीनियम प्राइवेट लिमिटेड प्रीमियम गुणवत्ता वाले एल्युमीनियम सोलर फ्रेम प्रदान करता है जो मजबूती, मौसम प्रतिरोध और दीर्घायु के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों ASTM और IEC को पूरा करते हैं ताकि कुशल और टिकाऊ ऊर्जा समाधान सक्षम हो सकें। इसके अतिरिक्त, राजकोट प्लांट वास्तविक समय की निगरानी और गुणवत्ता नियंत्रण के लिए SCADA और IoT-सक्षम प्रॉडक्शन लाइन्स, प्रॉडक्ट कस्टमाइजेशन के लिए पूरी तरह सुसज्जित क्वालिटी लैब और इन-हाउस आरएंडडी, और जीरो-लिक्विड डिस्चार्ज एनोडाइजिंग सेटअप से सुसज्जित है। कंपनी के एल्युमीनियम फ्रेम RoHS और REACH के अनुरुप हैं, खतरनाक पदार्थों से मुक्त हैं, और 100% रिसायकलेबल हैं, जो पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा पहलों के अनुरुप हैं।

## शॉट न्यूज

### खुद को निगमकर्मी बताकर की महिला से धोखाधड़ी

**इंदौर**। गांधीनगर इलाके में महिला को फ्लैट दिलाने के नाम पर युवक ने खुद को निगमकर्मी बताकर लाखों रुपए की धोखाधड़ी की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस ने फरियादी श्रद्धा सुमन पिता अजय सुमन 33 साल निवासी चौरसिया नगर की रिपोर्ट पर आरोपी शुभम पिता प्रकाश जगताप निवासी मुखर्जी नगर के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी श्रद्धा के मुताबिक 9 सितंबर 20 23 को आरोपी ने खुद को नगर निगम का कर्मचारी बताते हुए ब्लॉक ए 02 में एक फ्लैट क्रमांक 404 नंबर दिलाने का झांसा देकर ऑनलाइन 5 लाख रुपए ले लिए और फिर रजिस्ट्री के बहाने बकाया पैसे की मांग की इसी बीच मैं नगर निगम से जानकारी निकाल तो पता चला कि वहां कोई प्लांट निरस्त नहीं हुआ और ना ही बिक्री किया गया है।

### बाइक सवार दो तस्कर पकड़ाए, ब्राउन शुगर जब्त

**इंदौर**। क्राइम ब्रांच की टीम ने संदिग्धों की चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो बदमाशों को अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया हैं। दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही हैं। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा संदिग्धों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान भैरव मंदिर के पास शिवाजी नगर में एक मोटरसाइकिल सवार दो संदिग्ध दिखे जो पुलिस को देख भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी के दौरान दोनों के कब्जे से 14.87 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई। पूछताछ में आरोपियों के नाम शुभम मलैया निवासी छत्रीपुरा और अमन नरवरिया निवासी इंदिरा नगर, मल्हारगंज सामने आए। नशे की लत पूरी करने की नियत से अवैध मादक पदार्थ सस्ते में खरीदीकर महंगे दामों पर नशे के आदि लोगों बिक्री करने का कार्य करना कबूला है।

### युवकों के बीच मारपीट का वीडियो सामने आया

**इंदौर**। भंवरकुआं थाना क्षेत्र में मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और मामले में जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि वहां एक शो-रूम पर काम करने वाले और भावना नगर में रहने वाले कुछ युवकों के बीच विवाद हुआ था। इस मामले में पुलिस ने युवक को पकड़ लिया है। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि भंवरकुआं क्षेत्र में मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उसे सोशल मीडिया सेल ने देखा। इसके बाद मामले की जांच की तो पता चला कि एक शो-रूम के कर्मचारी और भावना नगर के लड़कों के बीच पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद हो गया था। मारपीट हुई थी, जिसका वीडियो वायरल हुआ था। इस मामले में जो भी इसमें शामिल था उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है।

## भीलवाड़ा के संगम स्कूल ने जीता "स्टडी ऑस्ट्रेलिया एंटरप्रेन्योरशिप चैलेंज 2025 इंडिया




**संवाददाता ● भोपाल**

**घोषणा**

राजस्थान के भीलवाड़ा स्थित संगम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के छात्रों ने ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा आयोजित 'स्टडी ऑस्ट्रेलिया एंटरप्रेन्योरशिप चैलेंज 2025 इंडिया' में शानदार जीत दर्ज की है। इस प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त माननीय श्री फिलिप ग्रीन ओएएम ने की। तीन हफ्तों तक चले इस हाइब्रिड प्रोग्राम का आयोजन ऑस्ट्रेलियन ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट कमीशन (ऑस्ट्रेड) द्वारा किया गया था, जिसका उद्देश्य 10वीं से 12वीं कक्षा के छात्रों में नवाचार, नेतृत्व और समस्या-समाधान जैसी व्यावहारिक क्षमताओं को विकसित करना था। इस कार्यक्रम में देशभर के 16 शहरों से 60 स्कूल टीमों ने भाग लिया। छात्रों ने तीन-तीन की टीमों में काम करते हुए 'ग्रीन टेक और सस्टेनेबल सॉल्यूशन्स', 'ह्यूमन-सेंटर्ड एआई' और 'सामाजिक कल्याण के लिए डिजिटल समाधान' जैसे विषयों पर आधारित वैश्विक चुनौतियों का हल निकालने के लिए व्यावसायिक विचार तैयार किए और उन्हें प्रस्तुत किया। फाइनल में पहुँची छह टीमों ने नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जजों के पैनल के सामने अपने प्रोजेक्ट्स पेश किए। इस अवसर पर उच्चायुक्त श्री फिलिप ग्रीन ओएएम ने कहा, "मैं विजेता टीम को हार्दिक बधाई देता हूँ और प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभाशाली छात्रों की सराहना करता हूँ। हर साल भारत के विभिन्न हिस्सों से युवा छात्र जिस रचनात्मकता और समझदारी के साथ वास्तविक समस्याओं के समाधान पेश करते हैं, वह सराहनीय है। यह प्रतियोगिता ऑस्ट्रेलिया-भारत शिक्षा साझेदारी की मजबूती और अगली पीढ़ी के नवप्रवर्तकों को सशक्त बनाने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है।"

## यात्रा के दौरान रेलवे द्वारा यात्रियों की पहचान हेतु किया जाएगा 'एम आधार एप' का उपयोग

**भोपाल**। अब रेलवे बोर्ड द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार 'एम आधार एप' (mAadhaar एप्लीकेशन) का उपयोग कर यात्रा के दौरान यात्रियों की पहचान की जाएगी। किसी अन्य यात्री के टिकट पर या जाली आधार कार्ड का उपयोग कर अनाधिकृत रूप से ट्रेनों में यात्रा करने जैसे मामलों की रोकथाम हेतु आवश्यक है कि पहचान पत्रों की जांच की प्रक्रिया को तकनीकी रूप से सशक्त बनाया जाए।



भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) द्वारा विकसित mAadhaar एप्लीकेशन इस दिशा में एक प्रभावी उपकरण है। उक्त एप्लीकेशन QR कोड आधारित पहचान सत्यापन की सुविधा प्रदान करता है, जिससे आधार कार्ड की वास्तविकता को त्वरित एवं विश्वसनीय रूप से सत्यापित किया जा सकता है। mAadhaar एप्लीकेशन को शीघ्र ही HHT डिवाइस पर भी उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे आरक्षित टिकटो एवं पहचान पत्रों के दुरुपयोग को रोकने तथा यात्रियों की वास्तविक पहचान सुनिश्चित की जा सके।

### स्वास्थ्य विभाग के आउटसोर्स कर्मचारी, भेल ठेका श्रमिकों को नहीं मिल रहा न्यूनतम वेतन

## मजदूरों का हक दिलाने के लिए संघर्ष कर रहीं समाजसेवी



**संवाददाता ● भोपाल**

**संघर्ष**

स्वास्थ्य विभाग के आउटसोर्स कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन नहीं दिया जा रहा है। इन्हें न तो एरियर्स दिया जा रहा है, न ही पीएफ जमा किया जा रहा है। यही हाल भेल ठेका व सोसायटी श्रमिकों के भी हैं। इन श्रमिकों के वेतन से लम्बे समय अलग- अलग मद में कटौती की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग और बीएचईएल में चल रहे गड़बड़झाले की मजदूरों के हक की लड़ाई लड़ रही समाजसेवी मृणालिनी सिंह सेंगर ने जांच कराने की मांग की है। सेंगर स्वास्थ्य कर्मियों, भेल ठेका श्रमिकों के साथ ही अन्य एजेंसियों के माध्यम से काम में लगे पीड़ितों को उनका हक दिलाने के लिए संघर्ष कर रही हैं।

**भेल ठेका श्रमिकों के वेतन से की जा रही कटौती** – भेल ठेका श्रमिकों के वेतन से लम्बे समय से 1600 रुपए की कटौती की जा रही है, जो उन्हें आज तक वापस नहीं की गई। साथ ही अन्य कटौतियां भी की जा रही हैं। कई ठेकेदारों द्वारा श्रमिकों को एरियर्स, बोनस के साथ ही बीमा की सुविधा नहीं दी जा रही है। ओवर टाइम का भी पैसा नहीं दिया जा रहा है। 15 से 20 साल तक काम करने वाले श्रमिकों को न्यूनतम वेतन नहीं मिल पा रहा है।

#### आउटसोर्स कर्मचारियों को नहीं मिल रहा न्यूनतम वेतन

स्वास्थ्य विभाग के आउटसोर्स कर्मचारियों को ठेकेदारों द्वारा न तो एरियर दिया जा रहा है, न ही उनका पीएफ जमा किया जा रहा है। समाजसेवी और मजदूर नेता मृणालिनी सिंह सेंगर ने इसको लेकर क्षेत्रीय विधायक और स्वास्थ्य मंत्री से शिकायत की है। इनका कहना है कि जिला अस्पताल में मजदूरों और सफाई कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन नहीं मिल पा रहा है। ठेकेदार मनमर्जी से वेतन दे रहे हैं। बैरागढ़ सिविल अस्पताल में भी यही रवैया अपनाया जा रहा है। 100 विस्तर वाले हथाईखेड़ा डैम के पास बने गोविंदपुरा अस्पताल में भी मजदूरों के साथ धोखाधड़ी की जा रही है। सेंगर का आरोप है कि एक ही ठेकेदार को भोपाल के आसपास के कई अस्पतालों का ठेका दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग में चल रहे गड़बड़झाले और ठेकेदारों द्वारा श्रमिकों, सफाई कर्मचारियों को कलेक्टर रेट से भी कम दिए जा रहे वेतनमान की जांच कराने की मांग की है।

## BE 6 और XEV 9e की पैक टू डिलीवरी जुलाई के अंत से शुरू

**संवाददाता ● मुंबई**

महिंद्रा की इलेक्ट्रिक एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल) 'इलेक्ट्रिक ओरिजिन' ने भारत के EV (इलेक्ट्रिक व्हीकल) बाज़ार में वैल्यू के हिसाब से सबसे आगे जगह बना ली है। ग्राहकों के जबरदस्त भरोसे और उत्साह के कारण, देश भर में हर 10 मिनट में एक महिंद्रा इलेक्ट्रिक एसयूवी बिक रही है। इस शानदार रफ्तार को जारी रखते हुए, महिंद्रा अपनी दमदार BE 6 और XEV 9e इलेक्ट्रिक एसयूवी के पैक टू मॉडल की डिलीवरी जुलाई के अंत से शुरू कर रही है। इनकी आकर्षक शुरुआती कीमत 21.90 लाख है। ग्राहकों की ज़बरदस्त प्रतिक्रिया को देखते हुए, 'पैक टू' में अब 59 kWh बैटरी विकल्प के साथ एक नया 79 kWh बैटरी विकल्प भी मिलेगा। इससे ये गाड़ियां शहर में असल में क्रमशः 500 किलोमीटर और 400 किलोमीटर तक चल पाएंगी।

दोनों बैटरी विकल्पों में महिंद्रा की आधुनिक टेक्नोलॉजी का पूरा सूट (सेट) मिलेगा। इसमें 16-स्पीकर वाला हरमन कार्डन साउंड सिस्टम (डॉल्बी एटमॉस के साथ), एक पूरी ग्लास रूफ (कांच की छत), लेवल 2 ADAS (एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम), XEV 9e में ट्रिपल-स्क्रीन वाइड सिनेमास्कोप, और BE 6 में रेस-रेडी डिजिटल कॉकपिट शामिल है। ये सब मिलकर इनोवेशन, सुरक्षा और आधुनिक लक्ज़री का बेहतरीन मेल बनाते हैं।

#### पैक टू के लिए एक्स-शोरूम कीमतें

| मॉडल | बैटरी | एक्स-शोरूम कीमते |
|---|---|---|
| BE 6 Pack Two | 59 kWh | 21.90 लाख |
| | 79 kWh | 23.50 लाख |
| XEV 9e Pack Two | 59 kWh | 24.90 लाख |
| | 79 kWh | 26.50 लाख |

● कीमत में चार्जर और इंस्टॉलेशन लागत शामिल नहीं है। दो चार्जर विकल्प, 7.2 kW या 11.2 kW, चार्जेबल आधार पर उपलब्ध होंगे।

इसके अलावा, महिंद्रा BE 6 'पैक टू' को 'पैक थ्री' वाले प्रीमियम सेज लेदरेट इंटीरियर्स (कृत्रिम चमड़े की अंदरूनी सजावट) से और भी बेहतर बना रही है। इसके साथ केबिन (अंदरूनी हिस्से) को और भी खुला और शानदार दिखाने के लिए एक सुंदर आइवरी रूफ फिनिश (छत का ऊपरी हिस्सा) भी मिलेगा।

सभी इंतज़ार कर रहे ग्राहकों को अपनी बुकिंग को नए पैक टू 79 kWh वेरिएंट में अपग्रेड करने का मौका मिलेगा, अगर वे ऐसा चाहें। यह महिंद्रा की ग्राहकों को लचीलापन और विकल्प देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

21.90 लाख से शुरू होने वाली कीमत के साथ, 'पैक टू' प्रीमियम इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को आम लोगों तक पहुंचाने के महिंद्रा के वादे को पूरा करता है, साथ ही यह अपने डिज़ाइन और टेक्नोलॉजी में अपनी लीडरशिप (अगुआई) भी बरकरार रखता है। महिंद्रा के 300 से ज़्यादा जगहों पर फैले मज़बूत सर्विस नेटवर्क के साथ, ग्राहक पूरे भारत में कहीं भी पूरी शांति के साथ ड्राइव कर सकते हैं।

## छात्रों को लैपटॉप के लिए मिले 13 करोड़ से ज्यादा

**संवाददाता ● इंदौर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 94234 विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए 235 करोड़ रुपए प्रोत्साहन राशि का अंतरण किया। इंदौर जिले के 5312 मेधावी विद्यार्थियों को कुल 13 करोड़ 28 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। प्रत्येक विद्यार्थी के बैंक खाते में 25 हजार रुपये की राशि सीधे जमा हुई।

इंदौर जिले का कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट बाल विनय मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पार्क रोड इंदौर में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में इंदौर विकासखंड के लगभग 700 लाभार्थी विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सांसद शंकर लालवानी ने की। मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत सिद्धार्थ जैन, क्षेत्रीय विधायक महेंद्र हार्डिया, क्षेत्रीय पार्षद नंदकिशोर पहाड़िया, जिला पंचायत अध्यक्ष रीना सतीश मालवीय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भरत सिंह पटेल, प्रभारी संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग इंदौर अनिता चौहान, संयुक्त कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार मंडलोई, विद्यालय की प्राचार्य पूजा सक्सेना भी उपस्थित थे। पात्र छात्रों को प्रमाण पत्र एवं प्रतीकात्मक रूप से 25 हजार रुपये राशि के चेक प्रदान किए गए। सांसद लालवानी ने अपने उद्बोधन में सभी पात्र विद्यार्थियों को बधाई और स्नेहाशीष प्रदान किया। भोपाल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभी विद्यार्थियों को दिखाया गया।

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए

## ईज़ 7.0 सुधार सूचकांक में दूसरे रनर का स्थान प्राप्त

**संवाददाता ● मुंबई**



यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए ईज़ 7।0 सुधार सूचकांक में दूसरे रनर अप का स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा, बैंक ईज़ 7।0 सुधार एजेंडा के निम्नलिखित तीन विषयों में शीर्ष कार्यनिष्पादन करने वालों में से एक है।

1. **प्रथम स्थान** : विकसित भारत की ओर बैंकिंग
2. **प्रथम रनर अप** : प्रभावी जोखिम/ धोखाधड़ी प्रबंधन, संग्रह और वसूली
3. **प्रथम रनर अप** : उभरती बैंकिंग प्राथमिकताओं के लिए कर्मचारियों का विकास

वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग के माननीय सचिव, श्री एम। नागराजू द्वारा 03।07।2025 को मुंबई में भारतीय बैंक संघ (आईबीए) द्वारा आयोजित प्रशस्ति समारोह में बैंक को सम्मानित किया गया। बेहतर पहुँच और सेवा उत्कृष्टता (ईज़) पीएसबी सुधार एजेंडा के भाग के रूप में भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग की एक पहल है। ईज़ 7।0 की प्रमुख प्राथमिकताएँ विकसित भारत की ओर बैंकिंग, ग्राहक सेवा में उत्कृष्टता, नए युग की तकनीक और अन्य उन्नत क्षमताओं को अपनाना, प्रभावी जोखिम/ धोखाधड़ी प्रबंधन, संग्रह और वसूली तथा उभरती बैंकिंग प्राथमिकताओं के लिए कर्मचारियों का विकास करना थी। अनुकूल नीतियों और गवर्नेंस प्रणाली की उपलब्धता, पूर्व-अपराध चरण में ग्राहकों को कॉल ट्रिगर करने के लिए एनालिटिक्स सेटअप, ग्राहक अनुभव पर शाखा के कार्यनिष्पादन को ट्रैक करने के लिए तंत्र की उपलब्धता, सभी कानूनी कार्यवाही को ट्रैक करने के लिए डिजिटल पोर्टल की उपलब्धता और अनुशंसित कार्यात्मकताओं के साथ ऑनलाइन ओटीएस पोर्टल और स्टाफ ऋण में डिजिटलीकरण की डिग्री को हमारे बैंक के लिए ताकत के प्रमुख क्षेत्रों के रूप में पहचाना गया है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को सुधार उपायों और पहलों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए पिछले कुछ वर्षों में ईज़ सुधार सूचकांक में लगातार शीर्ष कार्यनिष्पादन करने वालों में पुरस्कृत किया गया है।

### देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर ने की एक और स्मार्ट पहल, बनाएंगे शहरी सेवाओं को और प्रभावशाली

# स्मार्ट सिटी हैकाथॉन 2025 में विजेताओं को मिलेंगे पुरस्कार

**संवाददाता ● इंदौर**

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर ने एक और स्मार्ट पहल की है। इंदौर स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड (आईएससीडीएल) द्वारा आयोजित "इंदौर स्मार्ट सिटी हैकाथॉन 2025" का शुभारंभ किया जा रहा है। यह आयोजन इंदौर को "नवाचार हब" बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो युवाओं को तकनीकी समाधान प्रस्तुत करने का अवसर देगा और प्रशासनिक तंत्र को और अधिक स्मार्ट एवं उत्तरदायी बनाएगा। इस नवाचार-आधारित प्रतियोगिता का उद्देश्य उभरती तकनीकों के माध्यम से शहरी सेवाओं को और अधिक प्रभावशाली बनाना है।

**नवाचार**

इस राष्ट्रस्तरीय हैकाथॉन में देशभर से छात्रों, स्टार्टअप्स, तकनीकी विशेषज्ञों और डेवलपर्स को आमंत्रित किया गया है। प्रतिभागियों को तीन प्रमुख शहरी चुनौतियों – जनसुनवाई शिकायत निवारण, भूमि अतिक्रमण की निगरानी और साइबर क्राइम की जांच पर व्यावहारिक तकनीकी समाधान प्रस्तुत करेंगे। हैकाथॉन-2025 के तहत जनसुनवाई शिकायत निवारण प्रणाली में एआई आधारित शिकायत वर्गीकरण, एसएलए ट्रैकिंग, विभागीय डैशबोर्ड, बहुभाषी संवाद और फीडबैक एनालिटिक्स जैसी आधुनिक तकनीकों के उपयोग से प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी व दक्ष बनाया जाएगा। भूमि अतिक्रमण निगरानी के लिए जीआईएस मैपिंग, ड्रोन सर्वे, सैटेलाइट इमेजरी, रियल टाइम अलर्ट सिस्टम और भूमि अभिलेखों के एकीकरण जैसे समाधान विकसित किए जाएंगे। साइबर क्राइम जांच में एआई आधारित डिजिटल जांच प्लेटफॉर्म, वीपीएन/टीओआर ट्रेसिंग टूल्स, रियल-टाइम कंप्लेंट मॉनिटरिंग सिस्टम और नागरिकों के लिए रिपोर्टिंग व ट्रैकिंग ऐप्स जैसी सुविधाओं को बढ़ावा दिया जाएगा।



### आईटी क्षेत्र के छात्रों को किया जाएगा आमंत्रित

इस हैकाथॉन में आईटी और एआई क्षेत्र के विशेषज्ञ, नवाचारकर्ता और तकनीकी विद्यार्थियों को आमंत्रित किया जाएगा। यह कार्यक्रम शासकीय कामकाज में तकनीकी नवाचार के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। कार्यक्रम के माध्यम से अवैध निर्माण को रोकने, सतत निगरानी, जनसुनवाई प्रणाली को प्रभावी बनाने और साइबर फ्रॉड की रोकथाम जैसे विषयों पर व्यावहारिक सुझाव और समाधान आमंत्रित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इंदौर में शासन की कई योजनाएं डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संचालित की जा रही हैं और इनकी दक्षता बढ़ाने के लिए तकनीकी नवाचार आवश्यक हैं। हैकथॉन के माध्यम से स्मार्ट और सुरक्षित इंदौर की दिशा में प्रशासन ठोस पहल करेगा। यह हैकाथॉन न केवल तकनीकी नवाचार को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि शासन की पारदर्शिता और जनहित सुनिश्चित करने की दिशा एक बड़ी पहल है। प्रतियोगिता में चयनित विजेताओं को प्रथम पुरस्कार के रुप में 4 लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार 2 लाख रुपये और तृतीय पुरस्कार एक लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। इच्छुक प्रतिभागी वेबसाइट http://indoretechhackathon.com पर पंजीकरण कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड, नगर निगम कार्यालय इंदौर में संपर्क किया जा सकता है।

## शॉट न्यूज

### युवक ने जहर खाकर की आत्महत्या

**इंदौर।** परदेशीपुरा इलाके में रहने वाले एक युवक ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में वजह स्पष्ट नहीं हो सकी। मृतक का नाम आशीष पिता मनोज प्रजापत 25 साल निवासी परदेसी पुरा है। उसने कल शाम घर में जहर खा लिया उल्टियां होने पर परिजन को जहर खाने की बात बताई तो उसे तत्काल बड़े अस्पताल ले गए जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक कोई सुसाइड पत्र नहीं मिला है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। इसी प्रकार निरंजनपुर में रहने वाले सुरेश पिता ओमप्रकाश मालवीय 50 साल ने पारिवारिक कलह के चलते जहर खा लिया जिसे बड़े अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पुराने विवाद में पिता-पुत्र पर धारदार हथियार से हमला

**इंदौर।** शिप्रा इलाके में पुराने विवाद में आरोपियों ने पिता-पुत्र और एक अन्य रिश्तेदार को जमकर पीटा और धारदार हथियार से हमलाकर घायल कर दिया। हमले के बाद आरोपी फरार हो गए। थाना शिप्रा पुलिस के मुताबिक मारपीट की घटना ग्राम मच्छुखेड़ी में हुई। घायलों के नाम सद्दाम पटेल और उसके पिता अरबअली पटेल हैं। पुलिस ने सद्दाम की रिपोर्ट पर आरोपी गब्बर पिता सिकंदर पटेल और साहिल पिता गब्बर पटेल के खिलाफ केस दर्ज किया है। विवाद फरियादी के घर के सामने हुआ। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने पुराने झगडे की बात पर गालियां दी और हाथ-मुक्के और तलवार जैसी धारदार चीज से हमला कर दिया। हमले में मुझे सिर में और पिता को सिर, गर्दन, पैर में चोट आई जबकि चाचा अब्दुल को सिर, कंधे पर चोट लगी। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

### गालियां देने से रोका तो फावड़े से किया हमला

**इंदौर।** सिमरोल इलाके में नशे में गालियां दे रहे आरोपी को फरियादी ने रोका तो आरोपी ने फावड़े से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक घटना पुरानी खदान के पास शिवनगर में हुई। घायल का नाम रवि पिता सरदार डावर निवासी पिवडाय है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी बबलू पिता मंगासिंह निवासी ग्राम शिव नगर पर केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मैं अपने छोटे भाई राहुल के साथ उसके ससुराल ग्राम शिवनगर आए थे। इस दौरान राहुल का साला बबलू शराब के नशे में मेरे छोटे भाई राहुल को गालियां दे रहा था। मैंने उसे से मना किया तो उसने मारपीट की और फावड़े से मारा जिससे सिर में चोंट लगकर खून निकलने लगा।

# इंदौर में दो नई टाउनशिप लॉटरी से मिलेगा प्लॉट

### आईडीए की योजना से लोगों को मिलेगा लाभ

**संवाददाता ● इंदौर**

इंदौरवासियों के लिए राहत की खबर है। इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) शहर में दो नई टाउनशिप लॉन्च करने जा रहा है, जिनमें लगभग 1500 रेजिडेंशियल और कमर्शियल प्लॉट उपलब्ध कराए जाएंगे। खास बात यह है कि इन प्लॉट्स का आवंटन नीलामी नहीं, बल्कि लॉटरी सिस्टम से होगा, जिससे आम नागरिकों को सस्ते और तय दर पर ज़मीन मिल सकेगी। जानकारी अनुसार इन टाउनशिपों में 600 से 1500 वर्गफीट तक के रेजिडेंशियल और 30,000 वर्गफीट तक के कमर्शियल प्लॉट शामिल होंगे। यह योजना खासतौर पर मिडल क्लास और लोअर इनकम ग्रुप को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है। पार्ट 2 योजना रीजनल पार्क से तेजपुर गड़बड़ी गांव तक फैलेगी, जिसमें 800 प्लॉट होंगे। वहीं पार्ट 4 योजना में बिजलपुर और हुकमाखेड़ी की जमीन पर 700 प्लॉट विकसित किए जाएंगे।

**प्रक्रिया**



### 1984 में घोषित की जा चुकी है योजना

यह योजनाएं 1984 में घोषित हुई थीं, लेकिन कानूनी विवादों में फंस गई थीं। अब सुप्रीम कोर्ट से हरी झंडी मिलने के बाद आईडीए ने प्रक्रिया तेज कर दी है। आइडीए सीईओ ने बताया कि पार्ट 2 योजना का नक्शा पास हो चुका है, और पार्ट 4 को जुलाई में मंजूरी मिलने की संभावना है। आईडीए का दावा है कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रहेगी और जनहित को प्राथमिकता दी जाएगी।

## 10 जुलाई को गुरुपूर्णिमा और मूर्तियों का स्थापना दिवस मनेगा एक साथ

**इंदौर।** पलसीकर कॉलोनी स्थित दत्त माउली सद्गुरु अण्णा महाराज संस्थान में चार दिवसीय गुरु पूर्णिमा उत्सव की शुरूआत 7 जुलाई सोमवार से होगी। इस वर्ष गुरु पूर्णिमा और संस्थान परिसर में स्थापित श्री दत्त भगवान और साढ़े तीन शक्तिपीठ देवियों का स्थापना दिवस एक ही दिन होने से भक्तों में आयोजन को ले कर श्रद्धा और उत्साह भी द्विगुणित है। संस्थान के शरद जपे ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार 7 जुलाई को शाम 5.30 बजे से पलसीकर कॉलोनी स्थित संस्थान परिसर में आयोजन की शुरुआत होगी। पहले दिन जरूरतमंद विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का वितरण किया जाएगा। इसी दिन शहर के प्रमुख शिक्षाविद् एवं सहकारिता क्षेत्र में अग्रणी व्यक्तित्व, इंदूर परस्पर सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष अनिल अभ्यंकर को संस्थान की ओर से सम्मान भी किया जाएगा। विधायक गोलू शुक्लाऔर भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय बोर्ड के सदस्य भारत शर्मा मुख्य अतिथि होंगे। मंगलवार 8 जुलाई को पपू वासुदेवानंद सरस्वती स्वामी महाराज द्वारा रचित स्त्रोत घोरातकष्टत का सामूहिक पाठ शाम 5.30 बजे होगा इसके पश्चात रुद्राभिषेक किया जाएगा। बुधवार 9 जुलाई को मुंबई की आध्यात्मिक लेखिका प्रिया मालवणकर की पुस्तक देवी उपासना का विमोचन अतिथियों द्वारा किया जाएगा। नागोरिया पीठ के श्री विष्णु प्रपन्नाचार्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। गुरुवार 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा उत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। संस्थान परिसर में स्थापित मूर्तियों का आकर्षक श्रृंगार होगा। दोपहर 12 बजे आरती होगी। इसके पश्चात गुरु पादुका की पालकी यात्रा संस्थान परिसर में निकाली जाएगी। पपू अण्णा महाराज के दर्शन और गुरु दीक्षा दी जाएगी।

### देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी का दौरा करेगी यूजीसी की टीम

# दिव्यांग छात्रों को व्हीलचेयर सहित अन्य सुविधाओं की होगी जांच

**संवाददाता ● इंदौर**

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के टीचिंग विभाग में दिव्यांग छात्रों को दी जा रही सुविधाओं की जांच यूजीसी की टीम करेगी। देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के दोनों परिसर में टीम दौरा करेगी और छात्रों से भी चर्चा करेगी। बताया जा रहा है कि टीम कभी भी यूनिवर्सिटी का दौरा कर सकती है। यह दो माह के भीतर होने वाला दूसरा दौरा होगा। यूनिवर्सिटी अधिकारियों के अनुसार यूजीसी की टीम पिछली बार मार्च में आई थी। टीम कॉलेजों मे भी जा सकती है। यहां आकर टीम यह देखेगी कि डीएवीवी के टीचिंग विभागों में दिव्यांग छात्रों के लिए रैंप, स्पेशल टॉयलेट, लिफ्ट, व्हील चेयर के साथ कैंपस में इलेक्ट्रिकल व्हीकल की सुविधाएं हैं या नहीं। टीम यह भी चेक करेगी कि जो सुविधाएं यूजीसी की गाइडलाइन के अनुसार अनिवार्य की गई हैं, वह डीएवीवी की तरफ से दोनों कैंपस में उपलब्ध करवाई जा रही हैं या नहीं। यूटीडी के 32 टीचिंग विभागों में 14 हजार से ज्यादा छात्र पढ़ रहे हैं इनमें 120 से ज्यादा दिव्यांग छात्र अलग-अलग कैटेगरी में हैं। इनके लिए हर जरूरी सुविधा जुटाने का निर्देश डीएवीवी को यूजीसी की तरफ से दिया गया था। पिछली बार टीम को सुविधाएं दिखाई गई थी। अब उसी की जांच करने टीम भेजी जा रही है।

**जांच**

टीम यह भी देखेगी कि हेल्थ सेंटर पर अलग से बेड हैं या नहीं। इन छात्रों के लिए ग्राउंड फ्लोर पर रेस्ट रूम है या नहीं है। बताते हैं पिछले साल यूजीसी ने जो सुविधाएं जुटाने को कहा था, उसमें स्पष्ट था कि यूनिवर्सिटी को अपने टीचिंग विभागों व नालंदा परिसर में दिव्यांग छात्रों के लिए अलग से पार्किंग छोड़ना थी। इसकी अलग से मार्किंग भी की जानी थी।नियम यह है कि हर दिव्यांग छात्र को परीक्षा व क्लास अटैंड करने के लिए ग्राउंड फ्लोर पर कक्ष अलॉट किया जाना चाहिए। इन सारे बिंदुओं की हकीकत भी यूजीसी की टीम परखेगी। हालांकि यूनिवर्सिटी इनमें से 50 फीसदी सुविधाएं भी छात्रों को नहीं दे रही। इसलिए टीम छात्रों से सीधे बात करेगी, ताकि उन्हें हकीकत पता चल सके।



### व्हीलचेयर और बुक स्टेशनरी की सुविधा भी जांचेंगे

दोनों कैंपस में से कहीं भी हेल्प व हेल्थ डेस्क बनाई है या नहीं ? सभी बिल्डिंग्स में दिव्यांग छात्रों के लिए रैंप हैं या नहीं ? इन छात्रों के लिए संस्थान ने सूचना पटल लगाए हैं या नहीं? छात्रों के लिए कम से कम 2 इलेक्ट्रिक व्हीकल हैं या नहीं ? व्हील चेयर हैं या नहीं ? बुक स्कैनर्स और प्रोजेक्शन स्क्रीन हैं या नहीं ? एग्जाम व क्लास के लिए ग्राउंड फ्लोर का रुम दे रहे या नहीं?

### ई-अटेंडेंस एप से हाजिरी लगाने के विरोध में शिक्षक भी शामिल

इंदौर। शिक्षा विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति की अटेंडेंस एप से लेने के निर्णय के बाद इसका विरोध शुरू हो चुका है। अब इस विरोध में टीचर भी शामिल हो चुके हैं। शासन का पूरा ध्यान शिक्षा और स्वास्थ्य पर लगा हुआ है। शिक्षा के क्षेत्र में कार्य हो इसलिए शिक्षकों की उपस्थिति भी जरूरी है। इसलिए शासन ने ई-अटेंडेंस का नया फार्मूला शुरू किया तो शासकीय कर्मचारी संगठनों ने इसका विरोध जताना शुरू किया, जिसमें शिक्षक भी शामिल हो गए। जानकारी अनुसार शिक्षा विभाग के कर्मचारी की एकजुटता के चलते इसी के चलते शिक्षकों की एकजुटता के कारण 5 लाख में से मात्र 35 हजार ने ही अभी तक एप डाउनलोड किया और काफी मशक्कत के बाद सिर्फ 10 हजार शिक्षकों ने ही ई अटेंडेंस शुरू की। इधर शासकीय शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने बताया कि शिक्षकों की एकजुटता के कारण पूरे प्रदेश में मात्र 35 हजार के करीब ही शिक्षकों ने एप डाउनलोड किया।

### गंगवाल बस स्टैंड पर मॉक ड्रिल

## आपात स्थिति में यात्रियों की सुरक्षा तैयारियों के लिए किया पूर्वाभ्यास

**संवाददाता ● इंदौर**

किसी भी आपातकालीन परिस्थिति या संदिग्ध वस्तु मिलने की स्थिति में सुरक्षा व्यवस्था कैसी होनी चाहिए,इसको लेकर इंदौर पुलिस ने गंगवाल बस स्टैंड पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया। यह अभ्यास इंदौर पुलिस की सुरक्षा शाखा और बीडीडीएस टीम द्वारा किया गया, जिसमें सहायक पुलिस आयुक्त (सुरक्षा) राजकुमार सराफ और बीडीडीएस प्रभारी खालिद मुश्ताक के निर्देशन में पुलिस थाना छत्रीपुरा का स्टाफ, बस स्टैंड का सुरक्षा स्टाफ, ड्राइवर और कंडक्टर शामिल हुए। मॉक ड्रिल के दौरान यह अभ्यास कराया गया कि यदि बस स्टैंड पर लावारिस या विस्फोटक सामग्री वाली कोई वस्तु मिलती है,तो उससे कैसे निपटा जाए और आम जनता की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाए। ड्रिल के दौरान आम यात्रियों को भी सुरक्षा से जुड़ी एहतियात और सावधानियों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बस स्टैंड स्टाफ से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश भी दिए।



## 50 लाख लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं पर मंथन

**संवाददाता ● इंदौर**

इंदौर में पहली बार हेल्थकेयर सीईओ मीट हुआ। इसमें भविष्य को देखते हुए शहर के 50 लाख लोगों को गुणवत्तापूर्ण और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तकनीक और प्रबंधन शोध के उपयोग पर चर्चा हुई। इस बैठक में सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी, आईआईएम इंदौर के प्रो. अजीत फडनीस, अर्पित कोठारी, एरा द्विवेदी, डॉ. राजेश जैन, डॉ. कुशाग्र जैन, डॉ. विशेष कासलीवाल, सीए ध्रुव सांघवी और समन्वय गोकुलदास शामिल हुए। डॉ. हसानी ने निजी क्षेत्र में गुणवत्ता बढ़ाने व सेवाएं सुलभ करने पर सुझाव मांगे। उन्होंने इंडोर के स्वास्थ सेवाओं को भी नंबर एक बनाने की बात की और इसमें एआई और टेक्नोलोजी के प्रयोग पर जोर दिया। अर्पित कोठारी ने एआई के जरिये बेहतर हेल्थकेयर व पुराने कानूनों जैसे पीसीपीएनडीटी एक्ट में सुधार की बात कही। डॉ. राजेश जैन ने आयुष्मान योजना के प्रभाव और आईआईएम इंदौर के साथ मिलकर डेटा आधारित अध्ययन का सुझाव दिया। प्रो. फडनीस ने सरकार और अकादमिक संस्थानों को एक ही मंच पर लाने की आवश्यकता जताई।

### आरटीओ ने पालदा तिराहे पर बसों पर की कार्यवाही, अवैध रूप से पार्क चार बसें की जब्त

# सड़क किनारे कर रहे थे बसों की सफाई, जब्त की गई

**संवाददाता ● इंदौर**

कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा लोक परिवहन वाहन, बसों, स्कूल वाहनों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। आज पालदा से नायता मुंडला रोड पर सघन चेकिंग की गई। जिसमें वाहनों के फ़िटनेश, परमिट, बीमा, पीयूसी, कर प्रमाण पत्र भी चेक किये गए। बसों में ओवरलोडिंग, अधिक किराया की भी जांच की गई। लोगों को अपने वाहनों पर एचएसआरपी नम्बर प्लेट लगवाने के लिए भी प्रेरित किया गया। वाहन की गति, स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेज की चेकिंग की गई। दस्तावेज नहीं होने, क्षमता से अधिक सवारी पाए जाने, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाली बसों, बेतरतीब खड़ी रहने वाली बसों पर कार्यवाही की गई। चेकिंग के दौरान मुसाखेड़ी रिंग रोड पर बसें बीच रोड पर मरम्मत, सफ़ाई का काम करवाते और सवारियों को बैठाते हुए पाई गई।

**एक्शन**




### लोगों को हो रही थी परेशानी

बीच रोड पर बसों की साफ-सफाई, मरम्मत से आम जन को हो रही असुविधा, ट्रैफिक जाम की स्थिति होने से सिद्धिविनायक ट्रेवल्स, सोमनाथ ट्रेवल्स और हंस ट्रेवल्स की कुल चार बसों को जब्त कर आरटीओ कार्यालय इंदौर में रखा गया। इन बसों से पालदा तिराहे पर जाम लग जाता था। ट्रेवल्स, बस संचालकों ने आरटीओ को आश्वासन दिया कि वे अब पालदा तिराहे से ना जाकर आर ई टू मार्ग से आरटीओ ऑफिस होकर बस चलाएंगे, जिससे जाम न लगे। आरटीओ ने निर्देशित किया कि वह अपनी बसों को निर्धारित स्थान से ही चलाएं, अन्यथा बसें जब्त की जाएगी। बेतरतीब, निर्धारित स्थानों से भिन्न स्थानों से संचालित बसों की जब्ती की यह कार्रवाई लगातार जारी है।

## संपादकीय

### खेल भावना



सरकार ने पाकिस्तान की हॉकी टीम और निशानेबाजों को भारत आने की अनुमति दे दी है। पहलगाम जैसी आतंकी घटना का सामना करने के बावजूद भारत ने खेल भावना को बनाए रख परिपक्वता का सबूत दिया है। भारत को हॉकी के एशिया कप और FIH जूनियर वर्ल्ड कप की मेजबानी करनी है। इसके अलावा शूटिंग में ISSF जूनियर विश्व कप भी होना है। दोनों देशों के बीच तनाव को देखते हुए यह असमंजस बना हुआ था कि पाकिस्तान इन इवेंट्स में हिस्सा ले पाएगा या नहीं, लेकिन भारत ने जिम्मेदारी भरा परिचय दिया। सरकार का यह फैसला ही हिंदुस्तान और पाकिस्तान के बीच के अंतर को सामने ला देता है। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का निशाना आम लोग बनते हैं, जबकि पहलगाम के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर चलाते वक्त भी भारत ने यही कहा कि उसकी लड़ाई केवल आतंकियों से है, आम लोगों से नहीं। सरकार का मौजूदा फैसला भी इसी भावना से जुड़ा है। पाकिस्तानी इस्टैब्लिशमेंट के किए की सजा उसके खिलाड़ियों को देना सही नहीं होगा। भारत का कदम इंटरनैशनल हॉकी फेडरेशन और इंटरनैशनल ओलिंपिक कमिटी की नीतियों के अनुरूप है, जो खेल में निष्पक्षता और सहभागिता पर जोर देते हैं। खेल को राजनीति से नहीं मिलाया जा सकता। वैसे भी मेजबान होने के नाते भारत पर जिम्मेदारी ज्यादा है। उसे इन इवेंट्स में सभी प्रतिभागी देशों को समान मौके उपलब्ध कराने चाहिए और उसने यही किया। IOC और FIH जैसी संस्थाओं के नियम बेहद कड़े हैं। पाकिस्तान को अनुमति नहीं देने पर खुद भारत के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती थीं। ईरान ने अपने खिलाड़ियों को इस्राइल का सामना करने से मना किया और इसके चलते 2021 में इंटरनैशनल जूडो फेडरेशन ने उस पर बैन लगा दिया था। खुद पाकिस्तान ने जब 2019 में प्रो लीग हॉकी के पहले तीन मैचों से नाम वापस लिया, तो अंतरराष्ट्रीय संस्था ने उसे पूरे टूर्नामेंट से ही बाहर कर दिया था। भारत ने नियमों का सम्मान किया है। खेल लोगों को जोड़ने का माध्यम बन सकता है। अतीत में हमने Sports Diplomacy का कमाल देखा है, जिसकी वजह से बातचीत का रास्ता खुला। सरकारों के स्तर पर न सही, आम लोगों के स्तर पर संबंध सुधारने की हर पहल का स्वागत होना चाहिए।

# चातुर्मास है अध्यात्म की फसल उगाने का अवसर

**जैन परम्परा में आषाढ़ी पूर्णिमा से कार्तिक पूर्णिमा तक का समय तथा वैदिक परम्परा में आषाढ़ से आसोज तक का समय चातुर्मास कहलाता है**



*– मंत्र महर्षि डॉ. योगभूषण महाराज*

लेखक आध्यात्मिक गुरु, सोऽहम् योग प्रवर्तक एवं संस्थापक धर्मयोग फाउंडेशन है।




सृष्टि का चक्र अनवरत गतिशील है-गर्मी, वर्षा और शीत ऋतु इसका पर्याय हैं। इन्हीं ऋतुओं में से एक वर्षा ऋतु-न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से, बल्कि आध्यात्मिक और धार्मिक जगत के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जैन धर्म में इस अवधि को "चातुर्मास" या "वर्षायोग" कहा जाता है, जैन परम्परा में आषाढ़ी पूर्णिमा से कार्तिक पूर्णिमा तक का समय तथा वैदिक परम्परा में आषाढ़ से आसोज तक का समय चातुर्मास कहलाता है। इस दौरान दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनों परंपराओं के मुनि स्थिर एक ही स्थान पर विराजमान रहते हैं। यह नियम प्राकृतिक कारणों से भी जुड़ा है-जैसे वर्षा ऋतु में जीव-जंतु अधिक उत्पन्न होते हैं, जिससे भ्रमण करने से अहिंसा का उल्लंघन हो सकता है। वास्तव में आज के व्यस्त, तनाव एवं हिंसाग्रस्त और भौतिकतावादी युग में चातुर्मास हमें आत्ममूल्यांकन और आंतरिक शांति की प्रेरणा देता है। यह समय पर्यावरणीय संतुलन, नैतिक जीवनशैली और आध्यात्मिक चिंतन की ओर समाज को मोड़ने में सक्षम है। यदि युवा वर्ग इसे आत्मसात करे, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन आ सकता है। वास्तव में पुराने समय में वर्षाकाल पूरे समाज के लिए विश्राम काल बन जाता था किन्तु संन्यासियों, श्रावकों, भिक्षुओं आदि के संगठित संप्रदायों ने इसे साधना काल के रूप में विकसित किया। इसलिए वे निर्धारित नियमानुसार एक निश्चित तिथि को अपना वर्षावास या चातुर्मास शुरू करते थे और उसी तरह एक निश्चित तिथि को उसे समाप्त करते थे। धन-धान्य की अभिवृद्धि के कारण उपलब्धियों भरा यह समय स्वयं से स्वयं के साक्षात्कार, आत्म-वैभव को पाने एवं अध्यात्म की फसल उगाने की दृष्टि से भी सर्वोत्तम माना गया है। इसका एक कारण यह है कि निरंतर पदयात्रा करने वाले जैन साधु-संत भी इस समय एक जगह स्थिर प्रवास करते हैं। उनकी प्रेरणा से धर्म जागरणा में वृद्धि होती है। जन-जन को सुखी, शांत और पवित्र जीवन की कला का प्रशिक्षण मिलता है। गृहस्थ को उनके सान्निध्य में आत्म उपासना का भी अपूर्व अवसर उपलब्ध होता है। जैन धर्म एक अत्यंत अनुशासित और तपोमयी परंपरा है, जिसमें आत्मशुद्धि, अहिंसा, संयम और साधना को सर्वोपरि माना गया है। वर्षभर की विविध धार्मिक गतिविधियों में चातुर्मास का विशेष स्थान है। यह समय आत्मनिरीक्षण, तप, स्वाध्याय और उपवास जैसी साधनाओं का काल है, जिसमें श्रावक और साधु-साध्वियाँ दोनों ही अपनी आध्यात्मिक उन्नति की ओर अग्रसर होते हैं। श्रावक इस दौरान अधिक समय धर्म, पूजन, व्रत, स्वाध्याय और दान में लगाते हैं। यह आत्म-निरीक्षण और जीवन शैली को बदलने का काल बन जाता है। चातुर्मास में पर्युषण पर्व, दशलक्षण पर्व, अनंत चतुर्दशी जैसे पर्व आते हैं जो धर्म की गहराई को समझने का अवसर प्रदान करते हैं। इस समय एकासन, उपवास, अनेक तरह के त्याग जैसे अनेक व्रतों का पालन किया जाता है। इससे आत्मिक बल और संयम में वृद्धि होती है। चातुर्मास में मुनियों के प्रवचनों के माध्यम से धर्म ग्रंथों की गूढ़ व्याख्या होती है, जिससे श्रद्धालु ज्ञान और विवेक के पथ पर आगे बढ़ते हैं। संयमित जीवन और वैराग्य की भावना इस काल में जागृत होती है, जिससे सांसारिक मोह कम होता है। जैन चातुर्मास केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि आत्मिक उत्कर्ष की एक सुंदर प्रक्रिया है। यह काल हमें भीतर झाँकने, अपनी त्रुटियों को पहचानने और एक संतुलित, अहिंसात्मक जीवन की ओर बढ़ने का अवसर देता है। साधना और संयम की यह अनूठी परंपरा न केवल जैन समाज को बल्कि सम्पूर्ण मानवता को आध्यात्मिक दिशा देने की सामर्थ्य रखती है। चातुर्मास धार्मिक संस्कृति की आत्मा है। यह काल समाज को एक साथ जोड़ता है-सामूहिक साधना, संयम और सेवा की भावना को पोषित करता है। संतों की सेवा, रोगी-वृद्ध मुनियों की देखभाल, आहार-विहार की व्यवस्था, सत्संग और स्वाध्याय में सहयोग देना-ये सभी कार्य श्रावकों के लिए धर्म का अंग बन जाते हैं। चातुर्मास न केवल तपस्वियों के जीवन का अमृतकाल है, अपितु पूरे समाज के लिए जागृति और नवचेतना का समय है। यह चार महीने धर्म के बीज को बोने, सेवा का जल सींचने, संयम की धूप में तपाने और श्रद्धा के वृक्ष को विकसित करने का सर्वोत्तम काल है। जब मन, वचन और काया तीनों पवित्र हों-तभी चातुर्मास सफल होता है। अपेक्षा है कि सभी संकल्प करें- इस चातुर्मास को केवल परंपरा के निर्वाह के रूप में नहीं, बल्कि आत्मिक विकास और सामाजिक समर्पण के माध्यम के रूप में अपनाएं। हिन्दू धर्म में देवशयनी एकादशी से ही चातुर्मास की शुरुआत होती है जो कार्तिक के देव प्रबोधिनी एकादशी तक चलती है, इस समय में श्री हरि विष्णु योगनिद्रा में लीन रहते हैं इसलिए किसी भी शुभ कार्य को करने की मनाही होती है। इसी अवधि में ही आषाढ़ के महीने में भगवान विष्णु ने वामन रूप में अवतार लिया था और राजा बलि से तीन पग में सारी सृष्टी दान में ले ली थी। उन्होंने राजा बलि को उसके पाताल लोक की रक्षा करने का वचन दिया था। फलस्वरूप श्री हरि अपने समस्त स्वरूपों से राजा बलि के राज्य की पहरेदारी करते हैं। इस अवस्था में कहा जाता है कि भगवान विष्णु निद्रा में चले जाते हैं। यों तो हर व्यक्ति को जीने के लिये तीन सौ पैंसठ दिन हर वर्ष मिलते हैं, लेकिन उनमें वर्षावास की यह अवधि हमें जागते मन से जीने को प्रेरित करती है, यह अवधि चरित्र निर्माण की चौकसी का आव्हान करती है ताकि कहीं कोई कदम गलत न उठ जाये। यह अवधि एक ऐसा मौसम और माहौल देती है जिसमें हम अपने मन को इतना मांज लेने को अग्रसर होते हैं कि समय का हर पल जागृति के साथ जीया जा सके। संतों के लिये यह अवधि ज्ञान-योग, ध्यान-योग और स्वाध्याय-योग के साथ आत्मा में अवस्थित होने का दुर्लभ अवसर है। वे इसका पूरा-पूरा लाभ लेने के लिये तत्पर होते हैं। वे चातुर्मास प्रवास में अध्यात्म की ऊंचाइयों का स्पर्श करते हैं, वे आधि, व्याधि, उपाधि की चिकित्सा कर समाधि तक पहुंचने की साधना करते हैं। वे आत्म-कल्याण ही नहीं पर-कल्याण के लिये भी उत्सुक होते हैं। यही कारण है कि श्रावक समाज भी उनसे नई जीवन दृष्टि प्राप्त करता है। स्वस्थ जीवनशैली का निर्धारण करता है। संतों के अध्यात्म एवं शुद्धता से अनुप्राणित आभामंडल समूचे वातावरण को शांति, ज्योति और आनंद के परमाणुओं से भर देता है। इससे जीवन-रूपी सारे रास्ते उजालों से भर जाते हैं। लोक चेतना शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक तनावों से मुक्त हो जाती है। उसे द्वंद्व एवं दुविधाओं से त्राण मिलता है।

## विचार

प्राकृतिक चिकित्सा संसार की सबसे अच्छी चिकित्सा पद्धति है, उसमें भी राम नाम की चिकित्सा सर्वो प्रभावी है।

● महात्मा गांधी


## चाणक्य



चाणक्य ने जीवन में स्वच्छता को भी धन और समृद्धि से जोड़ा है। उनका मानना है कि जो व्यक्ति रात में रसोई में झूठे बर्तन छोड़कर सो जाता है, उसे माता लक्ष्मी की नाराजगी झेलनी पड़ती है, जिससे आर्थिक संकट आता है। घर और रसोई की साफ-सफाई से न केवल स्वास्थ्य बना रहता है, बल्कि धन की भी वृद्धि होती है। इसलिए घर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

● आचार्य चाणक्य

## सुकरात



सच्ची खुशी ज्ञान में है" अर्थः वास्तविक संतोष और खुशी शिक्षा और ज्ञान में निहित है, जो हमें सोचने और समझने की क्षमता देता है.

● सुकरात के अनुसार

# Business News

## बुलियन मार्केट

### सोना 100 रुपए घटा चांदी 200 रुपए बढ़ी

**इंदौर।** स्थानीय सराफा बाजार में सोना एवं चांदी की कीमतों में घटबढ़ बनी होने से सोने की कीमतों में 100 रुपए प्रति 10 ग्राम की नरमी देखी गई वहीं चांदी की कीमत में 200 रुपए प्रति किलो की तेजी बनी हुई है। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार यह गिरावट मुनाफावसूली और वैश्विक संकेतों की वजह से हो सकती है। सोने का 97400 रुपए का भाव रहा वही चांदी 106700 का भाव रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत 3336 ऊपर में 3346 नीचे में 3323 चांदी 3688 सेण्ट ऊपर में 3693 नीचे में 3662 नकद में केडबरी 97400 एक दिन पूर्व 97500 आरटीजीएस 99400 सोना 22 कैरेट 91000 जीएसटी सहित चांदी नगद 106700 एकदिन पूर्व 106500 आरटीजीएस में 108000 चांदी टंच 106900 रु. सिक्का 1170 भारतीय रुपया 85.39 के भाव रहे।

**इंदौर सराफा-** सोना केडबरी रवा नकद 97400, आरटीजीएस 99400 रुपए, सोना 22 कैरेट (जीएसटी सहित) 91000 रुपए प्रति दस ग्राम, चांदी नकद 106700, आरटीजीएस 108000 और टंच 106900 रुपए प्रति किलो रही। चांदी का सिक्का 1170 रुपए प्रति नग।

**उज्जैन सराफा-** सोना केडबरी 97500 और रवा 97400 रुपए प्रति दस ग्राम। चांदी पाट 106700,टंच 106600 रुपए प्रति किलो। सिक्का 1200 रुपए प्रति नग बिका।

### उत्पादन अधिक होने से गेहूं में अभी तेजी नहीं

**इंदौर।** गेहूं का उत्पादन अधिक होने से उत्पादक वितरक एवं खपत वाली मंडियों में अभी प्रचुर मात्रा मंक माल पड़ा हुआ है, इसलिए 20-25 रुपए ऊपर-नीचे जुलाई का महीना चलता रहेगा। आगे देखना यह है कि सरकार टेंडर द्वारा माल कितना बेच रही है। फिलहाल गेहूं की उपलब्धि इस बार भरपूर मात्रा में है, आगे अगस्त के बाद से ही बाजार बढ़ सकता है, इसलिए अभी स्टॉक को रोक रहे हैं। यहां मिल क्वालिटी गेहूं 2725-2730 रुपए प्रति क्विंटल के बीच बिक रहे हैं। आटा मैदा सूजी में चालानी मांग कमजोर है।

**अनाज-** गेहूं मिल क्वालिटी 2875-2900, लोकवन 2550-2575, (147) 2900-3000, एवरेज 2600-2700, मालवराज 2350-2575, पूर्णा 2700-2900, चन्द्रोसी 3200-3300, ज्वार देशी 2500-2650, मक्का पीली 2775-2300 रुपए क्विंटल।

# ग्रामीण मांग से मिली रफ्तार, FMCG कंपनियों को दिखी बिक्री में मजबूती


**नई दिल्ली।** दैनिक उपभोक्ता वस्तुएं (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनियों ने अपने परिणामों से पहले त्रैमासिक अपडेट में निवेशकों को बताया है कि उन्होंने वॉल्यूम में पिछली तिमाही के मुकाबले वृद्धि और ग्रामीण मांग में लगातार सुधार दिखा है। हालांकि एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस (जिसे पहले अदाणी विल्मर के नाम से जाना जाता था) ने अपने अपडेट में बताया है कि चावल के अपने परिचालन की रणनीतिक मजबूती के अलावा उसने तिमाही के दौरान कमजोर उपभोक्ता मांग देखी है।

डाबर इंडिया ने अपने अपडेट में कहा, 'तिमाही के दौरान भारतीय एफएमसीजी क्षेत्र की मांग में तिमाही आधार पर सुधार देखा गया, जिसमें वॉल्यूम वृद्धि बढ़ी है, खास तौर पर शहरी बाजारों में।' गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने भी कहा कि एकल आधार पर उसकी वॉल्यूम वृद्धि दमदार रूप से प्रतिस्पर्धी रही है और पिछली तिमाही के मुकाबले सुधार हो रहा है। इसने यह भी कहा कि एक अंक में ऊंचे स्तर वाली अंतर्निहित वॉल्यूम वृद्धि की बदौलत उसकी समेकित राजस्व वृद्धि दो अंकों में रहने की उम्मीद है।

मैरिको ने अपने अपडेट में निवेशकों को सूचित किया कि भारत के कारोबार में उसकी अंतर्निहित वॉल्यूम वृद्धि तिमाही आधार पर लगातार सुधरते हुए कई तिमाहियों के अधिक स्तर पर पहुंच गई, जो मुख्य फ्रैंचाइजी में सकारात्मक रुझानों और नए कारोबारों के स्तर में लगातार इजाफे से प्रेरित है। इस क्षेत्र में समूची मांग के संबंध में बात करते हुए मैरिको ने कहा, 'इस क्षेत्र ने मांग के निरंतर स्वरूप को प्रदर्शित किया है, जिसमें ग्रामीण बाजारों में सुधार और शहरी मनोबल स्थिर रहा। हमें उम्मीद है कि आने वाली तिमाहियों में महंगाई घटने, अनुकूल मॉननसून सीजन और नीतिगत प्रोत्साहन के समर्थन से लगातार सुधार होगा।'

गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने अपने अपडेट में यह भी कहा कि उसे वित्त वर्ष 26 में तिमाही आधार पर प्रदर्शन में सुधार की उम्मीद है। कंपनी ने कहा, 'हमारा मानना है कि वित्त वर्ष 26 में हम एकल आधार पर कारोबार में एक अंक में मध्य-उच्च स्तर की अंतर्निहित वॉल्यूम वृद्धि, रुपये में एक अंक की उच्च स्तरीय राजस्व वृद्धि और समूचे वर्ष के लिए दो अंकों की समेकित एबिटा वृद्धि की राह पर हैं। इसने यह भी कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में इसका एकल आधार पर एबिटा मार्जिन उसके सामान्य दायरे से नीचे रहने के आसार हैं, लेकिन इसमें सुधार होने की उम्मीद है।

### मानसून के जल्दी आने से प्रभावित हुआ सीजन



डाबर इंडिया ने भी अपने परिणामों से पहले निवेशकों को यह भी सूचित किया कि पेय पदार्थों में गिरावट के कारण डाबर का समेकित राजस्व एक अंक में निचले स्तर पर बढ़ने की उम्मीद है और उसकी समेकित परिचालन लाभ वृद्धि, राजस्व वृद्धि से मामूली रुप से पिछड़ने के आसार हैं। अप्रैल-जून तिमाही में आम तौर पर गर्मी के उत्पादों की अधिक मांग नजर आती है, लेकिन इस साल इस पर असर पड़ा है, क्योंकि मॉनसून के जल्दी आने के कारण सीजन प्रभावित हुआ था।

# सरसों का तेल और चावल हुआ महंगा, टमाटर समेत कई सब्जियों के दाम भी बढ़े

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत में लोगों को एक बार फिर महंगाई की मार झेलनी पड़ सकती है। क्योंकि, सरसों के तेल में प्रति लीटर 10 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा चावल के दाम भी बढ़े हैं। जानकारी के मुताबिक, इस साल लगभग 111 लाख टन सरसों की फसल होने का अनुमान था, लेकिन अब तक करीब 95 लाख टन ही मार्केट में सप्लाई आई है। तेल के थोक कारोबारी हेमंत गुप्ता बताते हैं कि बीते एक महीने में सरसों के तेल में लगभग 10 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। इसके पीछे कई कारण हैं। एक तो जून के महीने में सरसों के तेल की डिमांड बढ़ जाती है। जिसकी वजह से दाम में बढ़ोतरी होती है। इसके अलावा कई किसानों ने अभी फसल को मार्केट में नहीं उतारा है। जिससे इसकी कमी बनी हुई है। जिससे सरसों के तेल के दाम में उछाल आया है। चावल कारोबारी सचिन शर्मा बताते हैं कि इन दिनों ईरान में चावल की सप्लाई प्रभावित है। लेकिन देश में घरेलू चावल की डिमांड कुछ तेज हुई है। जिससे चावल कारोबारियों को थोड़ी राहत मिली है। राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत में बारिश के कारण घर का बजट और बिगड़ गया है। बारिश के चलते सब्जियों के दाम में तेजी आई है। दिल्ली-एनसीआर में टमाटर और हरी सब्जियों की कीमत आसमान पर पहुंच गई है। टमाटर की कीमत 15 रुपये से बढ़कर 50 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। वहीं शिमला मिर्च 80 किलो तक बिक रही है। बैंगन का भाव 80 रुपये प्रति किलो और भिंडी भी 80 रुपये किलो तक पहुंच गई है। हालांकि अलग-अलग मार्केट के अनुसार सब्जियों की कीमत अलग-अलग हो सकती है।

**मॉनसून ने बिगाड़ दिया घर का बजट**

## कॉर्पोरेट समाचार

### एचडीएफसी बैंक की पहली तिमाही में जमा राशि 16 फीसदी बढ़ी

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 26 की अप्रैल-जून तिमाही में एचडीएफसी बैंक ने सालाना आधार पर 16.2 वृद्धि के साथ 27.64 लाख करोड़ रुपये की राशि जमा की। देश के सबसे बड़े इस निजी बैंक की जमा दर उद्योग से 500-600 आधार अंक अधिक रही। एचडीएफसी बैंक में जमा राशि क्रमिक आधार पर 1.8 प्रतिशत बढ़ी। भारतीय रिजर्व बैंक के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार 13 जून को समाप्त पखवाड़े में प्रणाली में ऋण वृद्धि सालाना आधार पर 9.6 प्रतिशत बढ़ी। इसी अवधि के दौरान जमा वृद्धि सालाना आधार पर 10.4 प्रतिशत रही और यह ऋण वृद्धि से अधिक रही। एचडीएफसी बैंक ने वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में 49,300 करोड़ रुपये की राशि जुटाई थी। इस बैंक ने वित्त वर्ष 25 में 3.35 लाख करोड़ रुपये की जमा राशि जुटाई थी। इस क्रम में बैंक ने वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में 1.5 लाख करोड़ रुपये, वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में 63,500 करोड़ और वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में 1.2 लाख करोड़ रुपये जुटाए थे।

### एलआईसी ने पेश की दो नई योजनाएं

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने अपने ग्राहकों के लिए दो नई योजनाएं लॉन्च की हैं नव जीवन श्री (प्लान 912) और नव जीवन श्री सिंगल प्रीमियम (प्लान 911)। ये योजनाएं बचत और जीवन बीमा का संतुलित मिश्रण प्रदान करती हैं, जिससे वित्तीय सुरक्षा और भविष्य के लिए मजबूत फंड तैयार किया जा सके। नव जीवन श्री योजना विशेष रूप से युवा पीढ़ी की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है, जो बचत के साथ परिवार को जीवन बीमा सुरक्षा भी देती है। वहीं नव जीवन श्री सिंगल प्रीमियम योजना उन निवेशकों के लिए है जो एक बार में बड़ी राशि निवेश कर फंड बनाना चाहते हैं। एलआईसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इन योजनाओं को लॉन्च किया। ये योजनाएं शिक्षा, विवाह, घर खरीदना और रिटायरमेंट जैसे महत्वपूर्ण जीवन लक्ष्यों के लिए आर्थिक मदद प्रदान करेंगी और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करेंगी।

### इलेक्ट्रिक स्कूटर रेंज आईक्यूब में नया वैरिएंट आईक्यूब 3.1 पेश

**नई दिल्ली।** ऑटोमोबाइल सेक्टर की कंपनी टीवीएस मोटर ने इलेक्ट्रिक स्कूटर रेंज आईक्यूब में नया वैरिएंट आईक्यूब 3.1 पेश किया है। आईक्यूब की पॉपुलैरिटी को देखते हुए कंपनी ने यह कदम उठाया है। नए 3.1 वैरिएंट के आने से अब आईक्यूब लाइनअप में कुल छह वैरिएंट हो गए हैं। इसमें 3.1केडब्ल्यूएच क्षमता का बैटरी पैक दिया गया है, जिसकी आईडीसी सर्टिफाइड रेंज 121 किलोमीटर बताई गई है। यह वही बोस्क की हब-माउंटेड मोटर इस्तेमाल करता है जो अन्य आईक्यूब मॉडलों में मिलती है, लेकिन इसकी खासियत यह है कि इसकी दावा की गई टॉप स्पीड 82 किलोमीटर प्रति घंटा है, जो हाई-स्पेक एसटी मॉडल के बराबर है। स्कूटर का वजन भी सिर्फ 116.8 किलोग्राम है, जो इसे बाकी अधिकांश आईक्यूब वैरिएंट्स से हल्का बनाता है।

### मंत्री गौर की फटकार के बाद कार्रवाई, स्कूल के लिए छोड़ी जमीन 3.90 करोड़ में बेची

# पटेल नगर के कॉलोनाइजर पर FIR कराएगा निगम

**संवाददाता • भोपाल**

भोपाल के रायसेन रोड स्थित पटेल कॉलोनी के कॉलोनाइजर के विरुद्ध एफआईआर होगी। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री कृष्णा गौर की नाराजगी के बाद नगर निगम ने पिपलानी थाने में एफआईआर के लिए आवेदन दिया है। कॉलोनाइजर ने निगम के प्लॉट ही बेच दिए। दूसरी ओर, लोगों को सुविधाएं भी नहीं दीं। 2 जुलाई को मंत्री गौर ने मंत्रालय में बैठक ली थी। इसमें बताया गया था कि पटेल नगर कॉलोनी में स्कूल, खेल मैदान, पार्क आदि के लिए छोड़े गए भू-खंडों को नगर निगम के लिए सौंपने के स्थान पर कॉलोनाइजर ने बेच दिया। नगर निगम के स्वामित्व के इन भू-खंड को बेचने का अधिकार कॉलोनाइजर को नहीं है। कॉलोनाइजर द्वारा किया गया यह कृत्य आपराधिक है। इसके बाद मंत्री गौर ने नगर निगम के अधिकारियों को कॉलोनाइजर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए थे।

**बैठक**

**सिटी प्लानर ने थाने में आवेदन दिया**= मंत्री गौर की नाराजगी के बाद सिटी प्लानर अनूप गोयल ने पिपलानी थाने में एफआईआर के लिए आवेदन दिया। इसमें बताया कि सेक्टर-बी, डी और ई में 1.25 एकड़ के हिसाब से कुल 3.75 एकड़ जमीन प्रायमरी स्कूल के लिए आरक्षित की गई थी। 16 जून 1962 में एसडीएम हुजूर के डायवर्सन के अनुसार, स्कूल, पार्क व खुले स्थानों की भूमि स्थानीय निकाय में समाहित होगी। इस प्रकार मेसर्स गंधर्व लैंड एवं फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड और निगम के बीच एग्रीमेंट भी हुआ था। जिसमें निगम के आधिपत्य में सदैव खुली भूमि, पार्क, स्कूल, दवाखाना, खेल मैदान, सड़क आदि का आधिपत्य और स्वामित्व निगम का रहेगा।



**रजिस्ट्री शून्य होगी**

मंत्री गौर ने अफसरों से कॉलोनाइजर द्वारा विक्रय किए गए भू-खंड की रजिस्ट्री को शून्य कराने की प्रक्रिया भी शुरु करने को कहा है। साथ ही कॉलोनाइजर अन्य ओपन एरिया को विक्रय नहीं कर सके, इसकी व्यवस्था भी करने के निर्देश दिए हैं। पटेल नगर कॉलोनी 1960 के दशक में विकसित की गई थी। इसमें 700 से अधिक प्लाट हैं।

**3 करोड़ 90 लाख में बेची जमीन** – बावजूद कॉलोनाइजर अनुज ग्रोवर और संबंधित कंपनी ने ई ब्लॉक में अवैध रूप से निगम स्वामित्व की प्रायमरी स्कूल की 1.212 एकड़ जमीन जय प्रताप सिंह यादव एवं अभिषेक आनंद को 3 करोड़ 90 लाख रुपए में 27 नवंबर-24 को बेच दी, जो कानूनन सही नहीं है। इसलिए कॉलोनाइजर पर केस दर्ज किया जाए।

## शॉट न्यूज

### एम्स भोपाल ने खरीदा मेडट्रोनिक का 11 करोड़ रोबोट 22 करोड़ में!

**भोपाल**। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित एम्स एक बार फिर विवादों में है। अब 22 करोड़ रुपये में खरीदी गई स्पाइन रोबोटिक सर्जरी मशीन को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। इस मशीन को अमेरिकी मेडिकल डिवाइस कंपनी मेडट्रोनिक इंडिया के अधिकृत डीलर से खरीदा गया, लेकिन आरोप है कि यह मशीन अमेरिका की फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (यूएसएफडीए) की रिपोर्ट में 71% मामलों में विफले एडवर्स रहे है। इसको लेकर सोशल मीडिया पर एक यूजर ने एम्स भोपाल समेत स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों को दस्तावेजों के साथ शिकायत करते हुए टैग किया है। यूएसएफडीए की रिपोर्ट के मुताबिक, मेडट्रोनिक इंडिया के मैजोर एक्स स्पाइन रोबोटिक सर्जरी मशीन में गंभीर तकनीकी कमियां दर्ज की गई हैं। बताया जा रहा है कि रोबोट के संचालन में रूकावट, सॉफ्टवेयर एरर, स्क्रू डैमेज और मिसिंग, जैसी गड़बड़ियां शामिल हैं।

### सर्पिलाकार पुल, टकरा रही गाड़ियां!

**भोपाल**। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 90 डिग्री एंगल वाले ऐशबाग ब्रिज के बाद अब राजधानी के ही एक और पुल को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। महज 8 घंटे में हुए दो हादसों ने भोपाल के ही सुभाष नगर आरओबी के डिजाइन की खामी को सामने ला दिया है। हादसों से जानमाल का नुकसान तो नहीं हुआ लेकिन भविष्य में ऐसा नहीं हो इससे इनकार नहीं किया जा सकता। भोपाल के सुभाष नगर में करीब 40 करोड़ की लागत से बने इस आरओबी को शुरू हुए दो साल हो चुके हैं लेकिन इसकी डिजाइन को लेकर जो शंकाए तब उठ रही थी वो अब हादसों के रूप में सामने आ रही है। इस पुल का डिजाइन सांप की तरह है। सर्पाकार डिजाइन वाला यह पुल तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने वालों के लिए कितना खतरनाक हो सकता है इसका अंदाज लगाना आसान है। इसी पुल पर मोड़ के बाद आने वाला रोड डिवाइडर किसी खतरे से कम नहीं है। इस डिवाइडर से टकरा कर एक गाड़ी उछल कर पलट जाती है।

### सरकारी जमीन को किया दूसरे के नाम

**जबलपुर**। तहसीलदार के डिजिटल सिग्नेचर का दुरुपयोग कर दो रीडर ने सरकारी जमीन को निजी व्यक्तियों के नाम पर अभिलेख में दर्ज कर दिया। जिला कलेक्टर ने जांच के बाद तहसीलदार अधारताल कार्यालय में पदस्थ दोनों रीडर को सस्पेंड कर दिया है। दोनों रीडर ने लगभग साढ़े चार एकड़ जमीन निजी व्यक्तियों के नाम की थी। राजस्व रिकॉर्ड में नाम दर्ज होने के बाद निजी व्यक्ति ने जमीन को खुर्द-बुर्द कर अन्य व्यक्तियों को बेच दिया है। जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना ने बताया कि अधारताल के तत्कालीन तहसीलदार दीपक पटेल ने अपने प्रतिवेदन में उनके कार्यकाल के पूर्व निराकृत न्यायालय प्रकरण में तहसीलदार के डिजिटल सिग्नेचर का दुरुपयोग कर ग्राम रैगवां स्थित शासन की 1.90 जमीन भूमि निजी व्यक्तियों के नाम पर दर्ज किए जाने की जानकारी दी थी। प्रकरण के प्रकाश में आने के बाद तहसील कार्यालय में पद सहायक ग्रेड 3 रमाशंकर तथा मिलन वरकडे के कथन दर्ज किए गए थे।

### अयोध्या धाम की तर्ज पर 2800 करोड़ की लागत से चित्रकूट धाम को बनाएंगे आधुनिक

# सुविधा के लिए नर्मदा परिक्रमा पथ का करेंगे विकास : सीएम





**संवाददाता • भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अमरकंटक के पर्यटन विकास में नए आयाम जोड़े जाएंगे। उन्होंने कहा कि अमरकंटक धार्मिक एवं पर्यटन के लिए विश्व प्रसिद्ध है यह त्रिवेणी नर्मदा, सोन एवं जोहिला का मायका है, मध्यप्रदेश सरकार नर्मदा परिक्रमा पथ क्षेत्र के समग्र विकास के लिए संकल्पबद्ध है। इसके तहत घाटों का विकास, अन्न क्षेत्र का विकास और वृहद वृक्षारोपण किया जाएगा। नदियां हमारी समृद्धि का माध्यम हैं और नर्मदा परिक्रमा के तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिये भवन बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अनूपपुर का 13 करोड़ की राशि से निर्मित रामसेतु ऋषिकेश में बने सेतु की याद दिलाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को अनूपपुर जिले के कोतमा में आयोजित हरियाली से खुशहाली का नया परिवेश कार्यक्रम में अमृत हरित महाअभियान तथा हितग्राही सम्मेलन को रीवा से वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कोतमा में आयोजित हितग्राही सम्मेलन में रिमोट का बटन दबाकर 443.31 करोड़ रुपए की लागत वाले 114 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने नीट एण्ड जेईई कोचिंग, अमरकंटक में नर्मदा नदी पर प्रसाद योजना के तहत राम घाट पर बनाए गए रामसेतु का लोकार्पण किया।

**संकल्पबद्ध**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य और केन्द्र की सरकार प्रदेश में धार्मिक एवं आस्था वाले तीर्थ स्थानों का लगातार विकास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या धाम की तर्ज पर 2800 करोड़ की लागत से चित्रकूट धाम का भी विकास किया जाएगा। राज्य और केंद्र की सरकार 1450 किलोमीटर लंबा राम वन गमन पथ तैयार करने पर कार्य कर रही है।

बदलते दौर के मध्यप्रदेश में सभी क्षेत्रों में विकास सुनिश्चित किया जाएगा।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अनूपपुर जिले में नीट एवं जेईई की निःशुल्क प्रवेश परीक्षा की तैयारियों के लिए 84 शासकीय स्कूलों में स्मार्ट क्लासेस की शुरुआत एक अभिनव और अनुकरणीय पहल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अनूपपुर के लोगों को स्वच्छ पेयजल, बेहतर सड़क सुविधा और युवाओं को बेहतर शिक्षा मिलेगी। अनूपपुर में नए केंद्रीय विद्यालय का निर्माण हो रहा है। आज सोन बैराज का भूमि-पूजन हुआ है, इससे सिंचाई और पेयजल के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध होगा। शीघ्र ही लगभग 13 करोड़ की लागत से इनडोर स्टेडियम और स्टेडियम तैयार किया जाएगा।

**गुरुपूर्णिमा की दी अग्रिम बधाई**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को गुरुपूर्णिमा की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि आगामी 10 जुलाई को गुरुपूर्णिमा के अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों को साईकल वितरण तथा शिक्षा संस्थानों का लोकार्पण किया जाएगा। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार कार्य कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहयोग से प्रदेश सरकार किसान, महिला, युवा, गरीब के जीवन को बेहतर बनाने के लिए संकल्पित है। प्रदेश में महिलाओं को शासकीय सेवाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली बहना योजना की पात्र हितग्राहियों को रक्षाबंधन से पहले अतिरिक्त 250 रुपए शगुन के रुप में मिलेंगे। दीपावली के बाद भाई दूज से लाडली बहनों को हर महीने 1500 रुपए दिए जाएंगे। राज्य सरकार संकल्प पूरा करते हुए 2028 तक 3000 रुपए बहनों के खातों में भेजेगी। इस अवसर पर उन्होंने वीरांगना रानी दुर्गावती और लोकमाता अहिल्या बाई का स्मरण करते हुए कहा कि इनकी अद्भुत प्रशासन क्षमता आज भी हम सब का मार्गदर्शन कर रही है।

**किसानों को सोलर पंप पर 90 फीसदी अनुदान**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर सोलर पंप दिए जा रहे हैं। प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने के लिए सिंचाई रकवे का विस्तार, गौसंवर्धन बोर्ड के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने के लिए दुधारु पशु-पालन को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे प्रदेश में दुग्ध उत्पादन भी बढेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के शासकीय अधिकारियों-कर्मचारी की 9 साल से अटकी पदोन्नति की प्रक्रिया प्रारंभ करने की मंजूरी दी गई है। लगभग 2 लाख नए शासकीय पदों पर भर्ती की संभावना बनेगी। इसी के साथ प्रदेश स्तर पर एक लाख पदों के लिए नई भर्तियों का अभियान चल रहा है। राज्य सरकार ने सड़क हादसे में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वालों को राहगीर योजना के अंतर्गत 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की योजना शुरु की है। प्रदेश के गरीब जरुरतमंदों को बेहतर इलाज के लिए एयर एंबुलेंस की सुविधा दी जा रही है।

### फर्जी सीबीआई अफसर, गाड़ी पर लगाया अध्यक्ष का ठप्पा

**ग्वालियर**। एमपी के ग्वालियर में एक ठग को पुलिस ने पकड़ा है। यह ठग सीबीआई और दूसरे बड़े अफसर बनकर लोगों को बेवकूफ बनाता था। उसने लोगों से लाखों रुपए ठगे। जनकगंज पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके पूछताछ शुरू कर दी है। यह ठग मनोज श्रीवास है। वह लोगों को झूठी पहचान बताकर ठगता था। वह खाद और आपूर्ति विभाग में नौकरी दिलाने का वादा करता था। उसने अपनी कार पर मानव अधिकार आयोग प्रदेश अध्यक्ष का बोर्ड भी लगा रखा था। इससे लोगों को लगता था कि वह कोई बड़ा अफसर है। यह मामला तब खुला जब अमित रावत नाम के एक युवक ने जनकगंज थाने में शिकायत की। अमित ने बताया कि उसकी बहन की शादी के लिए एक वेबसाइट पर मोहित शेखावत नाम के युवक से बात हुई। मोहित पिछले डेढ़ साल से उनके घर आ रहा था। वह खुद को गृह मंत्रालय में अफसर बताता था। कभी कहता था कि वह सीबीआई का अफसर है।

### पेड़ से लटकी मिली पति-पत्नी की लाश, पुलिस कर रही जांच

**शिवपुरी**। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के करैरा थाना क्षेत्र के खड़ीचा गांव से सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस मामले में गांव में मौजूद एक कुएं के पास खड़े नीम के पेड़ से एक युवक और दो बच्चों की मां का शव पेड़ से लटका हुआ मिला है। पुलिस को प्राथमिक जांच में पता चला कि दोनों के बीच प्रेम प्रसंग था। इन दोनों की शव के पास से पुलिस को एक बैग भी बरामद हुआ है, जिसमें दोनों के कपड़े थे। संभवत दोनों भागने की तैयारी में थे। सवाल यह है कि आखिर दोनों भागने की बजाय फांसी के फंदे पर क्यों झूल गए। इसी सवाल की गुत्थी को सुलझाने के लिए पुलिस चांज में जुटी हुई है। पुलिस ने दोनों मृतकों की पहचान कर ली है। युवक की उम्र 32 साल है और उसका नाम नरेश मिश्रा बताया गया है, जबकि महिला की उम्र 30 साल है और वह दो बच्चों की मां है, जिसकी पहचान रीना रावत के रूप में हुई है। मामला शिवपुरी जिले के करेरा थाना क्षेत्र के खड़ीचा गांव का है।

### अगले 4 दिन भारी बारिश की चेतावनी

# एमपी के 28 जिलों में आज भारी बारिश का ऑरेंज-यलो अलर्ट



**संवाददाता • इंदौर**

मध्य प्रदेश में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव होने से लगातार बारिश का दौर जारी है। भारी बारिश से प्रदेश के नदी नाले उफान पर है। कई क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। शनिवार को 28 जिलों में अति भारी या भारी बारिश का ऑरेंज-यलो अलर्ट है। अगले 4 दिन भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। शनिवार को मंडला और डिंडौरी में स्कूलों की छुट्टी रहेगी।

**अलर्ट**

**आज इन जिलों में भारी बारिश**

मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार को जबलपुर, मंडला, बालाघाट, कटनी, दमोह, नरसिंहपुर, विदिशा, सीहोर, रायसेन और नर्मदापुरम में अति भारी बारिश होने की चेतावनी दी गई है। अगले 24 घंटे में इन जिलों में 8 इंच तक पानी गिर सकता है। भोपाल, गुना, अशोकनगर, राजगढ़, रतलाम, उज्जैन, इंदौर, देवास, हरदा, बैतूल, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, सिवनी, सागर, उमरिया, शहडोल, डिंडौरी और अनूपपुर में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। बाकी जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है।

**जबलपुर में 3 इंच गिरा**

27 से अधिक जिलों में बारिश हुई। जबलपुर में 72 मिमी यानी, करीब 3 इंच पानी गिर गया। नरसिंहपुर में 2.6 इंच, सागर में डेढ़ इंच, छतरपुर के नौगांव में सवा इंच, मंडला-दमोह में 1 इंच, दतिया-श्योपुर में पौन इंच, बालाघाट-रीवा में आधा इंच बारिश हुई। वहीं, भोपाल, बैतूल, गुना, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, छतरपुर के खजुराहो, टीकमगढ़, सिवनी, सतना, सीधी, उमरिया, शाजापुर, देवास, सीहोर, आगर-मालवा, विदिशा, मऊगंज, कटनी समेत कई जिलों में बारिश का दौर जारी रहा। रात के समय भी कई जिलों में बारिश का दौर जारी रहा।

**चार दिन एमपी में भारी बारिश का अलर्ट**

मौसम विभाग की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि एक मानसून ट्रफ बीकानेर, जयपुर से मप्र के दतिया, सीधी से होती हुई आसनसोल, कोलकाता होते हुए जा रही है। वहीं, एक भी प्रदेश से गुजर रही है। इसके अलावा प्रदेश में ही एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव है। इन तीनों सिस्टम की वजह से अति भारी या भारी बारिश का दौर चल रहा है। अगले चार दिन 8 जुलाई तक प्रदेश के आधे हिस्से में भारी बारिश का अलर्ट है। पूर्वी हिस्से में सिस्टम का असर ज्यादा रहेगा।

# खुद को जज बताकर एक महीने बुजुर्ग का किया परेशान

**संवाददाता • भोपाल**

भोपाल के अरेरा कॉलोनी में रहने वाले 68 वर्षीय बुजुर्ग के मोबाइल पर दिसंबर से लगातार अनजान नंबर से कॉल और मैसेज आने लगे। कॉल करने वाला खुद को सुप्रीम कोर्ट का जस्टिस बता रहा था। हैरानी की बात यह थी कि उसके वॉट्सऐप प्रोफाइल पर सुप्रीम कोर्ट के एक मौजूदा जस्टिस की फोटो लगी थी। डीपी देखकर बुजुर्ग भ्रमित हो गए और कुछ दिन तक बात करते रहे। धीरे-धीरे कॉल्स की टाइमिंग रात 12 बजे के बाद की होने लगी। मैसेजों की भाषा और विषय भी अजीब थे। थककर बुजुर्ग ने यह बात बेटे को बताई। बेटे ने हबीबगंज थाने में शिकायती आवेदन दिया। जांच के बाद अब अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

**बेटी का नाम लेकर बातचीत की शुरुआत की** – बुजुर्ग के मोबाइल पर कॉल आया। कॉल करने वाले ने कहा, मैं सुप्रीम कोर्ट का जस्टिस बोल रहा हूं, आपकी बेटी मेरे बेटे के साथ पढ़ती है। इसके बाद लगातार वॉट्सऐप मैसेज भेजे जाने लगे। डीपी में सुप्रीम कोर्ट के जज की फोटो देखकर बुजुर्ग ने शुरुआत में विश्वास कर लिया। कुछ दिनों तक बातचीत चलती रही, लेकिन फिर आरोपी की बातों में न कोई तर्क था और न उद्देश्य।


### प्लेटफॉर्म पर कार और स्कूटर दौड़ाते दिखे युवक

# भोपाल रेलवे स्टेशन की सुरक्षा में बड़ी चूक

**संवाददाता • भोपाल**

भोपाल रेलवे स्टेशन पर शनिवार तड़के एक युवक कार लेकर सीधे प्लेटफॉर्म पर चढ़ गया और ट्रैक किनारे तक कार दौड़ाता रहा। इस घटना ने स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इतना ही नहीं, एक अन्य युवक को प्लेटफॉर्म नंबर-4 पर स्कूटर चलाते देखा गया। यह दोनों ही घटनाएं वहां मौजूद यात्रियों ने मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड कीं और अब वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

**सुरक्षा**



**तेज रफ्तार में प्लेटफॉर्म 6 की ओर घुसा युवक** – प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार सवार युवक तेज गति से प्लेटफॉर्म नंबर-6 की ओर आया और ट्रैक किनारे काफी आगे तक कार लेकर चला गया। शुक्र रहा कि उस समय वहां कोई ट्रेन नहीं थी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं, प्लेटफॉर्म-4 पर स्कूटर दौड़ाते हुए दिखा दूसरा युवक भी यात्रियों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता था।

**कहां से आते हैं वाहन?**

जानकारी के अनुसार, प्लेटफॉर्म नंबर-6 की ओर पार्सल कार्यालय के सामने से वाहन अंदर दाखिल हो सकते हैं। यही रास्ता स्टेशन की सुरक्षा में सबसे बड़ी कमजोरी बन चुका है। इसी मार्ग से कोई भी व्यक्ति बिना रोकटोक के प्लेटफॉर्म नंबर 6, 5 और 4 तक सीधे वाहन लेकर पहुंच सकता है। इस गेट पर ना तो कोई बैरिकेड हैं, न ही स्थायी सुरक्षा जांच की व्यवस्था।

**RPF बोली- जांच जारी है**

आरपीएफ भोपाल पोस्ट प्रभारी मनीष शर्मा ने बताया, "हमें दो वीडियो मिले हैं। दोनों की जांच की जा रही है। फिलहाल इस मामले में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है, जांच के बाद कुछ कहा जा सकेगा।



# दीपिका को मिला हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम सम्मान, इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस ने जताया आभार

दीपिका पादुकोण को 2026 हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम सम्मान के लिए चुना गया है। यह सम्मान पाने वाली वो पहली भारतीय हैं। हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम सम्मान मिलने के बाद दीपिका ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी में इसे लेकर रिएक्शन दिया है। उन्होंने ने अपनी स्टोरी में इसके लिए आभार जताया है। हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम को मैनेज करने वाली आधिकारिक संगठन 'हॉलीवुड चैंबर ऑफ कॉमर्स' की तरफ से 2 जुलाई को इंस्टाग्राम पर यह खबर शेयर की गई है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा- 'मोशन पिक्चर्स, टेलीविजन, लाइव थियेटर/लाइव परफॉरमेंस, रेडियो, रिकॉर्डिंग और स्पोर्ट्स एंटरटेनमेंट कैटेगरी में एंटरटेनमेंट प्रोफेशनल के एक नए ग्रुप को हॉलीवुड चैंबर ऑफ कॉमर्स के वॉक ऑफ फेम चयन पैनल द्वारा हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम पर स्टार प्राप्त करने के लिए चुना गया है। हमें 2026 के वॉक ऑफ फेम क्लास में आपका स्वागत करते हुए गर्व



हो रहा है! इसके साथ ही उन्होंने हर कैटेगरी के लिए चुन गए आर्टिस्ट का नाम शेयर किया है। दीपिका को मोशन पिक्चर्स कैटेगरी में सम्मान के लिए चुना गया है। इस लिस्ट में दीपिका के अलावा टिमोथी चालमेट, रेचल मैकएडम्स, डेमी मूर, स्टेनली टुची, रामी मालेक और एमिली ब्लंट जैसे इंटरनेशनल आर्टिस्ट शामिल हैं। हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम कैलिफोर्निया का फेमस टूरिस्ट लोकेशन है। इस फेमस टूरिस्ट लोकेशन पर हर साल भारी संख्या में लोग घूमने आते हैं। यहां पर अब तक 2813 एक्टर, डायरेक्टर, सिंगर, फिल्ममेकर्स के नाम शामिल हो चुके हैं। बता दें कि दीपिका से पहले भारतीय मूल के एक्टर साबू दस्तगीर को इस सम्मान से नवाजा जा चुका है। साबू को 1960 में स्टार मिला था, जिस वक्त उन्हें ये सम्मान मिला वो अमेरिकी नागरिकता अपना चुके थे। हॉलीवुड और ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर दीपिका की अचीवमेंट्स की बात करें तो साल 2017 में उन्होंने 'XXX: रिटर्न ऑफ जेंडर केज' से हॉलीवुड में डेब्यू किया था।

## 'ये लोग हीरोइन कैसे बन जाते' प्रियंका को देख हैरान हो गई थी

प्रियंका चोपड़ा आज ग्लोबल आइकॉन हैं, लेकिन अपने शुरुआती करियर में वह कई बार अपने रंग के चलते जज की गई हैं। उन्होंने कई बार रिवील किया है कि उन्हें अपने फिजिकल अपीयरेंस के लिए ताने मिल चुके हैं। हाल ही में उनकी एक को-स्टार ने भी बताया है कि जब उन्होंने प्रियंका को पहली बार देखा था तो उन्होंने क्या सोचा। प्रियंका चोपड़ा ने साल 2003 में सनी देओल स्टारर फिल्म 'द हीरो' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। यूं तो उनकी अदाकारी दमदार थी, लेकिन फिजिकल अपीयरेंस के लिए उन्हें जजमेंट का सामना करना पड़ा। 'किस्मत' में प्रियंका के साथ काम कर चुकीं स्मिता जयकर ने एक हालिया में प्रियंका को देख उन्होंने सोचा था कि कैसे-कैसे लोग हीरोइन बनने आ जाते हैं। स्मिता जयकर ने फिल्मीमंत्र को दिए इंटरव्यू में प्रियंका चोपड़ा से अपनी पहली मुलाकात के बारे में बात की। उन्होंने कहा, 'मैंने प्रियंका के साथ उनके शुरुआती दिनों की फिल्म किस्मत में काम किया था। वह बहुत दुबली-पतली और सांवली थीं। मुझे और मोहन जोशी को बताया गया कि वह हमारी बेटी का किरदार निभाएंगी। जब मैंने उन्हें देखा तो मैंने कहा, 'हे भगवान'। उस समय वह बिल्कुल भी अच्छी नहीं लगती थी। मैंने सोचा कि ये लोग हीरोइन कैसे बन जाते हैं।' स्मिता जयकर ने प्रियंका चोपड़ा को बाद में देखा तो उन्हें अपने जजमेंट का पछतावा हुआ। उन्होंने इस बारे में कहा, 'प्रियंका चोपड़ा वाह थीं। मैंने सोचा, इस लड़की ने क्या कर दिया? वह पूरी तरह से डीवा बन गई। इसलिए आप किसी को जज नहीं कर सकते और ना ही कह सकते हैं, 'यार, यह किसको लेकर आए हो'। कुछ मालूम नहीं किसकी किस्मत कब बदल जाए। क्या एक्ट्रेस है, शानदार।' प्रियंका चोपड़ा बॉलीवुड पर सालों तक राज करने के बाद हॉलीवुड में अपना जलवा बिखेर रही हैं। हाल ही में वह हेड्स ऑफ स्टेट मूवी में दिखाई दीं। अब वह एसएस राजामौली की मोस्ट अवेटेड फिल्म SSMB 29 में महेश बाबू के साथ नजर आएंगी।

# अमिताभ के मुंह से निकली थी रेखा की तारीफ!



बॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस रेखा किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। एक्टिंग हो या फिटनेस। एक्ट्रेस हर मामले में तारीफ के काबिल है। फिल्मी गलियारों में उनकी लव लाइफ को लेकर भी जिक्र चलता है। बिग बी यानी अमिताभ बच्चन के साथ सिलसिला में रेखा की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री को खूब पसंद किया गया। अक्सर ऐसा होता है कि बड़े पर्दे पर साथ काम करने वाले कलाकारों का नाम एक-दूसरे के साथ असल जिंदगी में भी जुड़ता है। अमिताभ और रेखा के नाम की चर्चा अभी तक चलती है। रेखा अपनी फिटनेस और खूबसूरती को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं। चेहरा देखकर उनकी उम्र का अंदाजा लगाना बेहद मुश्किल काम है। अमिताभ बच्चन से मिली तारीफ के बारे में उन्होंने एक बार इंटरव्यू में बात की थी, जिसका वीडियटो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आइए जानते हैं कि बिग बी ने एक्ट्रेस की किस लिए तारीफ की थी। रेखा ने अमिताभ संग काम करने के अनुभव पर खुलकर बात की थी। इतना ही नहीं, उन्होंने बिग से मिली सबसे बड़ी तारीफ का खुलासा भी किया था। एक्ट्रेस ने कहा, मुझे लगता है कि उन्होंने जाने या अनजाने में मुझे जो सबसे बड़ी तारीफ दी है, वह यह है कि उन्होंने मुझे अपने जैसे महान को-एक्टर संग काम करने का मौका दिया। यह मेरे लिए अब तक की सबसे मिली सबसे बड़ी प्रशंसा है। एक्ट्रेस ने अपनी बात पूरी करते हुए आगे कहा, 'जब हम दोनों ने साथ काम किया, तो हम दोनों ही प्रभावशाली अवस्था में थे। इस वजह से दोनों ने ही एक-दूसरे के ऊपर अपनी छाप छोड़ी है। अगर आप उन दिनों में भीड़ को देखते, तो आपको अमिताभ का हेयरस्टाइल काफी पसंद आता। दिग्गज एक्ट्रेस ने इस बात को भी स्वीकार किया कि कभी-कभी उनके अभिनय में अमिताभ बच्चन की शैली नजर आती है। एक्ट्रेस का यह बयान अब काफी ज्यादा चर्चा में आ रहा है। यूजर्स को उनकी यह टिप्पणी दिलचस्प लग रही है।

### रणबीर की सास का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस को मिला है

# रामायण में राम की मां का रोल



निर्देशक नितेश तिवारी के डायरेक्शन में बन रही फिल्म रामायण बॉलीवुड की मोस्ट एंटीसिपेटेड मूवी बन गई है। इसके रिलीज होने का इंतजार दर्शक बेसब्री से कर रहे हैं। बॉलीवुड, साउथ सिनेमा और टेलीविजन वर्ल्ड के कई मशहूर चेहरे इस रामायण में अहम किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। इनमें एक इंदिरा कृष्णा भी हैं जो रणबीर कपूर स्टारर फिल्म रामायण में माता कौशल्या की भूमिका निभा रही हैं। इंदिरा कृष्णा ने इससे पहले भी रणबीर कपूर के साथ काम किया है। वह संदीप रेड्डी वांगा की एक्शन थ्रिलर फिल्म एनिमल में रश्मिका मंदाना की मां और रणबीर की सास की भूमिका निभा चुकी हैं। अब दोबारा रणबीर के साथ काम करने पर इंदिरा ने अपना एक्सपीरियंस शेयर किया है। इंदिरा कृष्णा ने बताया था कि रणबीर कपूर ने ही एनिमल के बाद कौशल्या की भूमिका के लिए उनका नाम निर्माता-निर्देशकों को सुझाया था। 'मैंने रणबीर कपूर के साथ एनिमल में काम किया था। उसके बाद उन्होंने मुझे रामायण के लिए रिकमेंड किया। वह बहुत ही जमीन से जुड़े रहने वाले इंसान हैं और सेट पर कभी भी किसी तरह का स्टारडम नहीं दिखाते हैं। स्पॉट ब्वॉय से लेकर अपने को-स्टार तक, वह सभी के साथ विनम्रता से पेश आते हैं। मैंने रणबीर से एक बात सीखी है- सम्मान दो, सम्मान लो। इंदिरा कृष्णा ने यह भी बताया कि सेट पर एक्टर्स कितने घमंडी होते हैं, लेकिन रणबीर बिल्कुल भी ऐसे नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने कई सालों तक टीवी में काम किया है। मैंने कई अभिनेताओं को सेट पर अपना घमंडी स्वभाव दिखाते देखा है। मैंने बहुत कुछ सहा है। मैंने शो में हीरो और हीरोइनों को देर से आते देखा है जबकि मैं बैठकर उनका इंतजार करती थी। रणबीर कपूर अपने काम का बहुत सम्मान करते हैं। मैंने उनसे सीखा है कि अगर आप अपने काम का सम्मान करते हैं, तो लोग आपका सम्मान करेंगे।

# सोनाक्षी ने शेयर की पति जहीर इकबाल की चैट

बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा को कई मौकों पर अपनी प्रेग्नेंसी की अफवाहों के बारे में जवाब देते देखा गया है। उन्होंने बताया था कि वो प्रेग्नेंट नहीं हैं, बस उनका वजन बढ़ गया है। अब सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक चैट का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए बताया कि लोगों को क्यों लगता है कि वो प्रेग्नेंट हैं। सोनाक्षी सिन्हा ने जो चैट शेयर की है वो उनके पति जहीर इकबाल की चैट है। इस चैट को शेयर करते हुए सोनाक्षी सिन्हा ने लिखा, 'यही कारण है कि सबको लगता है कि मैं प्रेग्नेंट हूं। बंद करो जहीर। सोनाक्षी ने जो चैट शेयर की है उसमें जहीर सोनाक्षी से पूछते हैं कि क्या उन्हें भूख लगी है। इस पर सोनाक्षी जहीर से कहती हैं कि बिलकुल भी नहीं, मुझे खिलाना बंद करो। इसके बाद जहीर रिप्लाई करते हैं कि मुझे लगा कि छुट्टियां शुरू हो गई हैं। सोनाक्षी इस बात पर जवाब देती हैं, मैंने अभी तुम्हारे सामने बैठकर डिनर किया है, बंद करो जहीर। इसके बाद जहीर और सोनाक्षी एक दूसरे को आई लव यू का मैसेज भेजते हैं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने साल 2024 में शादी रचाई थी। सोनाक्षी और जहीर सोशल मीडिया पर अक्सर एक दूसरे के साथ तस्वीरें शेयर करके, एक दूसरे के लिए प्यार जाहिर करते रहते हैं।



## 'ओह हैलो क्यूटीज, मैं जीत गया... 'फ्लाइट में इमोशनल हुए पूरव झा



यूट्यूबर और एक्टर पूरव झा को हाल ही में रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' में देखा गया था। पूरव ऊर्फी जावेद, निकिता लूथर, हर्ष गुजराल और सुधांशु पांडे के साथ टॉप 5 में थे जब उन्हें सर्किल ऑफ शैक के दौरान बाहर कर दिया था। पूरव को होस्ट करण जौहर द्वारा सीजन का पहला गद्दार चुना गया था ने 3 जुलाई को फिनाले प्रसारित होने के एक दिन बाद सोशल मीडिया के जरिए फैंस को धन्यवाद दिया। इसी के साथ उन्होंने एक भावनात्मक नोट भी लिखा। फिनाले में ऊर्फी और निकिता विजेता बने। पूरव ने तस्वीरें शेयर कीं जिसमें वह मुंबई वापस अपनी फ्लाइट में भावुक होते नजर आए। उन्होंने लिखा,'मैं कल रात फ्लाइट में रो रहा था, सिर्फ इसलिए नहीं कि मैं शो नहीं जीत पाया.. भाई मैंने जो आपके टेक्स्ट देखे डीएम मिली.. उफ भई जिंदगी में नहीं सोचा कि कभी इतना प्यार मिलेगा। लेकिन सच में कुछ लोग मेरे लिए रो रहे थे कि आप क्यों नहीं जीते..ओ हैलो क्यूटीज मैं जीत गया। इससे ज्यादा और क्या चाहिए मुझे।" इसके अलावा, उन्होंने फिनाले एपिसोड के दौरान उर्फी के इस खुलासे के बाद भी हैरानी व्यक्त की कि उसने उसे और हर्ष (दोनों गद्दार) को यह रणनीति बनाते हुए सुना था कि वे शेक के सर्कल के दौरान किसे खत्म करेंगे

### सलमान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का फर्स्ट लुक जारी

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' के मोशन पोस्टर के रिलीज के साथ ही इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। उनकी अपकमिंग फिल्म को लेकर बढ़ती उत्सुकता और अटकलों के बीच, प्रशंसकों को आखिरकार एक शानदार पहली झलक देखने को मिली, जो खान की अब तक की सबसे गहन भूमिकाओं में से एक की एक आंतरिक और देशभक्तिपूर्ण झलक पेश करती है। मोशन पोस्टर में सलमान खान को एक कठोर, युद्ध-कठोर अवतार में दिखाया गया है। उनका चेहरा खून से लथपथ है, गर्व से भरी मूंछों से सजी है और उनकी आँखों में दृढ़ संकल्प की आग जल रही है। बिना किसी संवाद और केवल सैन्य तनाव के बढ़ते साउंडस्केप के साथ, दृश्य वीरता, बलिदान और राष्ट्रीय गौरव में गहराई से निहित एक फिल्म के लिए टोन सेट करता है।

## खुद को यंग दिखाने के लिए अक्षय ने किया करीना संग काम



फिल्ममेकर और सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (CBFC) चेयरमैन रहे पहलाज निहलानी अपनी बेबाकी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने हाल ही में एक्टर्स के बढ़ते स्टाफ के खर्चों पर अपनी राय रखी। साथ ही उन्होंने एक किस्सा याद किया जब अक्षय कुमार ने 2003 में आई फिल्म तालाश: द हंट बिगिन्स की कास्टिंग में दखल देते हुए, लीड रोल में करीना कपूर को लेने की जोरदार सिफारिश की थी। पहलाज का कहना कि उन्हें पसंद नहीं कि एक्टर्स फिल्म की कास्टिंग तय करें, क्योंकि उन्होंने हमेशा यही देखा था कि ये फैसले प्रोड्यूसर और डायरेक्टर लिया करते थे। लेकिन उन्होंने माना कि अब वक्त बदल गया है और आजकल के एक्टर सिर्फ कास्ट ही नहीं, बल्कि डायरेक्टर भी खुद ही चुनते हैं। साथ ही उन्होंने एक्टर्स के बढ़ते खर्च को लेकर भी अपना गुस्सा जाहिर किया और बड़ी बात कही दी। वो बोले कि स्टार्स रात में ड्रग्स लेते हैं और सुबह में डायट फूड खाते हैं। पहलाज ने कहा कि- पहले प्रोड्यूसर और डायरेक्टर कास्टिंग करते थे और हीरो इस में दखल नहीं देते थे। लेकिन मेरे साथ पहली बार ऐसा हुआ जब अक्षय कुमार ने तलाश की कास्टिंग में दखल दिया।

## बिना शादी के 40 साल की उम्र में मां बनेंगी एक्ट्रेस भावना रमन्ना

कन्नड़ एक्ट्रेस और क्लासिकल डांसर भावना रमन्ना ने सोसाइटी में एक अलग तरह का उदाहरण पेश किया है। चंद्रमुखी प्रणसखी,राष्ट्र गीते और रॉन्ग नंबर जैसी फिल्मों के लिए मशहूर एक्ट्रेस 40 साल की उम्र में मां बनने वाली हैं। एक्ट्रेस ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए खुलासा किया कि वह इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (IVF) के माध्यम से मातृत्व को एंजॉय करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने बताया कि वह छह माह की गर्भवती हैं और जुड़वा बच्चों की उम्मीद कर रही हैं। 4 जुलाई को भावना ने एक तस्वीर भी शेयर की जिसमें वह अपना बेबी बंप दिखाती नजर आ रही हैं। भावना सिंगल हैं और उन्होंने शादी नहीं की है। उन्होंने अपनी आईवीएफ जर्नी के बारे में खुलकर बात की और बताया कि जब उन्होंने डॉक्टरों को अपने प्लान के बारे में बताया तो उनकी क्या प्रतिक्रिया थी। टाइम्स ऑफ इंडिया से बातचीत के दौरान, अभिनेत्री ने कहा, 'चूंकि शादी और मेरे रास्ते कभी नहीं मिले, इसलिए मुझे इस तरह की अन्य संभावनाओं पर विचार करना पड़ा। भावना ने आगे कहा, 'लंबे समय तक कानून ने अविवाहित महिलाओं को इन तरीकों से मातृत्व का विकल्प चुनने का समर्थन नहीं किया। लेकिन जब कानूनी ढांचा भी इसके अधिकार में आ गया, तो मुझे लगा कि यह समय आ गया है। मैंने आईवीएफ क्लीनिकों से संपर्क करना शुरू किया। कई लोगों ने मुझे इसके लिए मना कर दिया। कई डॉक्टरों ने तुरंत फोन काट दिया, जब उन्हें पता चला कि मैं अविवाहित हूं।' अभिनेत्री ने आगे अपने डॉक्टर की तारीफ की और उन्हें बहुत सपोर्टिव बताया। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्होंने इस जर्नी में मेरा बहुत साथ दिया है। भावना ने आगे कहा कि वह अपने बच्चों के भविष्य के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने सोचा है कि अकेले माता-पिता के रूप में बच्चों की परवरिश का क्या मतलब है, और मुझे अच्छी तरह पता है कि मेरे बच्चे बड़े होने पर सवालों का सामना कर सकते हैं। मैं इसके लिए तैयार हूं।



# सिर पर हार मंडराते देख बौखला गया अंग्रेज, DRS को लेकर अंपायर पर बेन स्टोक्स ने निकाला गुस्सा!



**एजेंसी ● बर्मिंघम**

इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम टेस्ट के तीसरे दिन भारतीय टीम ने मेजबानों पर अपना शिकंजा कस लिया। टीम इंडिया ने पहली पारी में 587 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम जैसे-तैसे 407 रन बनाने में सफल रही है। इस तरह भारतीय टीम को पहली पारी में 180 रनों की मजबूत बढ़त मिली। तीसरे दिन इंग्लैंड की पारी सिमटने के बाद आखिर सेशन में भारतीय टीम भी बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतरी। टीम इंडिया के लिए एक बार फिर से यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने ठोस शुरूआत की, लेकिन 28 रन बना कर यशस्वी जल्दी आउट हो गए।

केएल राहुल और यशस्वी की दमदार शुरूआत को देख इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को खलबली मची हुई थी। यही कारण है कि बेन स्टोक्स और ऑन-फील्ड अंपायर के बीच यशस्वी जायसवाल से जुड़े एक डीआरएस विवाद को लेकर तीखी बहस हो गई। भारत की दूसरी पारी के आठवें ओवर में जायसवाल को जोश टोंग की गेंद पैड पर लगी। इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने अपील की और अंपायर शरफुद्दौला ने उंगली उठा दी। भारतीय बल्लेबाजों ने आपस में थोड़ी देर चर्चा की और जायसवाल ने रिव्यू लिया। इंग्लैंड के दर्शकों ने की स्टेडियम में हूटिंग

हालांकि, स्टोक्स इस बात से खुश नहीं थे क्योंकि उनका मानना था कि जायसवाल के रिव्यू मांगने से पहले 15 सेकंड का टाइमर खत्म हो गया था। अंपायर ने रिव्यू की अनुमति दी लेकिन रीप्ले में दिखा कि गेंद स्टंप्स पर लग रही थी। आगे के रीप्ले में यह भी दिखाया गया कि स्टोक्स सही थे और जायसवाल ने वास्तव में रिव्यू मांगने में देर की थी। एजबेस्टन में मौजूद दर्शक इस घटना से खुश नहीं दिखे और स्टेडियम में जोरदार हूटिंग होने लगी।हालांकि, यशस्वी के बाद केएल राहुल और करुण नायर ने विकेट नहीं गिरने दिया। दिन के खेल की समाप्ति तक भारतीय टीम ने 1 विकेट के नुकसान पर 64 रन बना ली थी। इस तरह अब टीम इंडिया के पास 244 रनों की बढ़त हो गई। वहीं खेल के चौथे दिन केएल राहुल (28) और करुण नायर (7) की कोशिश होगी कि वह इंग्लैंड के गेंदबाजों का डटकर सामना करें।

# जेमी स्मिथ ने तोड़ दिया 128 साल पुराना रिकॉर्ड, इंग्लैंड के लिए टेस्ट में लिख दिया नया इतिहास





**एजेंसी ● बर्मिंघम**

बर्मिंघमः इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में टीम इंडिया ने अपना शिकंजा कस लिया है। तीसरे दिन के खेल की समाप्ति तक टीम इंडिया ने अपनी दूसरी पारी में 1 विकेट के नुकसान पर 64 रन बना लिए। इससे पहले इंग्लैंड ने भारत की पहली पारी में 587 रन के जवाब में 407 रन बनाए थे। इंग्लैंड को इस स्कोर तक पहुंचाने में हैरी ब्रूक और विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ का बहुत बड़ा योगदान रहा। खास तौर से जेमी स्मिथ ने तो इंग्लैंड के लिए कमाल ही कर दिया।

स्मिथ इंग्लैंड की पारी में आखिर तक नाबाद रहे। 7वें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे जेमी स्मिथ ने 207 गेंद में 184 रनों की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 21 चौके और 4 छक्के भी लगाए। इस शानदार पारी के साथ ही जेमी स्मिथ ने इंग्लैंड के लिए टेस्ट में 128 साल पुराने रिकॉर्ड को भी चूर-चूर कर दिया। जेमी स्मिथ अब इंग्लैंड के लिए 7वें या उससे नीचे बैटिंग करते हुए सबसे बड़ी टेस्ट पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।जेमी स्मिथ से पहले इंग्लैंड की तरफ से टेस्ट में 7वें या उससे नीचे बैटिंग करते हुए सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड के.एस. रणजीतसिंहजी के नाम था। उन्होंने 1897 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 175 रनों पारी खेली थी, लेकिन अब यह रिकॉर्ड टूट चुका है। रणजीतसिंहजी का यह रिकॉर्ड कई दशकों से कायम था। इस तरह जेमी स्मिथ ने अब उनके रिकॉर्ड को तोड़कर नया इतिहास लिख दिया है।

## भारत के पास 244 रनों की बढ़त

बर्मिंघम टेस्ट मैच के तीसरे दिन की समाप्ति तक भारत के पास 244 रनों की बढ़त हो गई थी। दूसरी पारी में टीम इंडिया के लिए केएल राहुल 28 और करुण नायर 7 रन बनाकर खेल रहे थे। भारत को एकमात्र झटका यशस्वी जायसवाल के रूप में लगा। यशस्वी जायसवाल 22 गेंद में 28 रनों की पारी खेलकर आउट हुए। ऐसे में अब खेल के चौथे दिन टीम इंडिया 1 विकेट के नुकसान पर 64 रन से अपनी पारी को आगे बढ़ाएगी।

# पटौदी ट्रॉफी के नाम बदलने पर क्या बोली सारा अली खान, सुनील गावस्कर जैसे दिग्गजों ने जताई है नाराजगी

**एजेंसी ● नई दिल्ली**





बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान ने भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज को लेकर प्रतिक्रिया दी है। सारा ने अपने दादा और पूर्व भारतीय कप्तान मंसूर अली खान पटौदी की विरासत के बारे में भी बात की। दरअसल भारत-इंग्लैंड के बीच पांच मैचों के इस सीरीज का नाम पहले पटौदी ट्रॉफी था, लेकिन इसे बदलकर अब एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी कर दिया गया है। वहीं इस सीरीज में जो भी टीम जीतेगी उसके कप्तान को पटौदी मेडल ऑफ एक्सीलेंस मिलेगा।

सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर एक सेगमेंट के दौरान सारा ने कहा कि उन्हें पटौदी की विरासत को स्वीकार करते हुए देखकर गर्व महसूस होता है। सारा ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह हमेशा बहुत अच्छा है। वह इतनी बड़ी हस्ती थे। बस उनकी सराहना करना, उनका सम्मान करना, उन्हें याद करना बहुत अच्छा लगता है। हम सभी को सिर्फ गर्व महसूस होता है।'दिवंगत मंसूर अली खान पटौदी के एक करीबी दोस्त फारूक इंजीनियर ने कहा कि ईसीबी ने भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज ट्रॉफी का नाम बदलने में गलती की और अपने पूर्व साथी के पारिवारिक नाम के बाद जीतने वाले कप्तान का पदक शुरू करने का उसका निर्णय स्पष्ट रूप से एक बाद का विचार था।ईसीबी ने 2007 में भारत-इंग्लैंड सीरीज के लिए पटौदी ट्रॉफी का नामकरण हुआ था। वहीं अब एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के तौर नए नाम की कई पूर्व क्रिकेटरों ने आलोचना की जिसमें सुनील गावस्कर जैसे दिग्गज शामिल हैं। फारुख इंजीनियर ने पटौदी ट्रॉफी को लेकर कहा, 'टाइगर पटौदी मेरे बहुत अच्छे दोस्त थे। मेरे महान सहयोगी थे। हमने बहुत टेस्ट क्रिकेट खेला। महान विरासत, महान परिवार। जब 2007 में ट्रॉफी का नाम उनके नाम पर रखा गया था तो मैं बहुत खुश था।'



फ़्लुमिनेंस जर्मन कैनो (ऊपर), फ़्लुमिनेंस और अल हिलाल के बीच ऑरलैंडो, फ़्लोरिडा में क्लब विश्व कप क्वार्टर फाइनल फुटबॉल मैच के बाद टीम के सदस्यों के साथ जश्न मनाते हुए।

# सीरीज में अजेय बढ़त से चूक गईं भारत की बेटियां, इंग्लैंड ने 5 रन से जीत दर्ज कर की दमदार वापसी

**एजेंसी ● ओवल**

लंदन के द ओवल में खेले गए पांच टी20 मैचों की सीरीज के तीसरे मुकाबले में भारतीय महिला टीम को इंग्लैंड के हाथों 5 रन से करीबी हार मिली। मुकाबले में इंग्लैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर के खेल में 171 रन का स्कोर खड़ा किया था, लेकिन इसके जवाब में भारतीय टीम 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 166 रन ही बना पाई। इस तरह इंग्लैंड की टीम ने सीरीज में जोरदार वापसी करते हुए इसे रोमांचक बना दिया है। सीरीज के पहले दो मैच में भारतीय टीम ने दमदार जीत हासिल की थी। वहीं तीसरे मैच में भी अगर टीम इंडिया बाजी मारती तो सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना लेती, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया।




तीसरे टी20 में जीत के लिए भारतीय महिला टीम ने अपना पूरा जोर लगाया था। मैच के आखिरी ओवर में भारत को जीत के लिए 12 रनों की जरूरत थी, लेकिन इंग्लैंड की लॉरेन बेल द्वारा फेंके गए इस ओवर में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर और अमनजोत कौर मिलकर सिर्फ 6 रन ही बना की। इस तरह टीम इंडिया लक्ष्य के करीब पहुंच कर मैच हार गई।

टीम इंडिया के लिए बार फिर से ओपनर बल्लेबाज स्मृति मंधाना का बल्ला गरजा। मंधाना ने 49 गेंद में 56 रनों की पारी खेली। वहीं पहले दो मैचों में नाकाम रहने वाली शेफाली वर्मा ने भी तेज तर्रार पारी खेली। शेफाली वर्मा ने 25 गेंद में 47 रन कूटे। अपनी इस पारी में उन्होंने 7 चौके और 3 चौके भी उड़ाए। शेफाली और मंधाना के बीच के पहले विकेट के लिए 85 रनों की साझेदारी हुई। हालांकि, जैसे ही इन दोनों की जोड़ी टूटी इंग्लैंड के गेंदबाजों ने अपना शिकंजा कस दिया। जेमिमा रोड्रिग्स (20) और हरमनप्रीत कौर (23) ने जरूर 100 के ऊपर की स्ट्राइक रेट से छोटी-छोटी पारियां खेली, लेकिन वह टीम को लक्ष्य तक नहीं पहुंचा पाई। दूसरे टी20 में दमदार खेल दिखाने वाली अमनजोत कौर (7) का भी बल्ला नहीं जबकि ऋचा घोष (7) भी कमाल नहीं कर पाई।बैटिंग में इंग्लैंड की हुई थी अच्छी शुरूआत

इससे पहले स्टैंड-इन कप्तान टैमी ब्यूमोंट ने टॉस जीतकर भारत के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। सलामी बल्लेबाज सोफिया डंकले (53 गेंदों पर 75 रन) और डेनिएल व्याट-हॉज (42 गेंदों पर 66 रन) ने पहले विकेट के लिए 15.2 ओवर में 137 रन जोड़कर इंग्लैंड को शानदार शुरूआत दी, लेकिन बाकी बल्लेबाज इस शुरूआत का फायदा नहीं उठा सके। यही कारण है कि इंग्लैंड नौ विकेट के नुकसान पर केवल 171 रन ही बना सकी। वहीं गेंदबाजी में भारत की ओर से अरुंधति रेड्डी और दीप्ति शर्मा ने तीन-तीन इंग्लिश बल्लेबाजों को आउट किया। इसके अलावा श्री चरानी ने अपने चार ओवरों में 43 रन देकर दो विकेट लिए।

# जसप्रीत बुमराह के नहीं रहने कैसे सबसे खतरनाक गेंदबाज बन जाता है मोहम्मद सिराज, रिकॉर्ड देखकर नहीं होगा यकीन

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम टेस्ट मैच में भारतीय टीम के गेंदबाजों ने जमकर कहर बरपाया। खास तौर से मोहम्मद सिराज के आगे तो इंग्लैंड के बल्लेबाजों के पसीने छूट गए। सिराज ने पारी में कुल 6 विकेट लिए। वहीं आकाश दीप के खाते में 4 विकेट आया। इस तरह सिराज ने बर्मिंघम में जसप्रीत बुमराह की कमी खलने नहीं दी। सिराज ने दूसरे टेस्ट में टीम इंडिया के लिए पेस बॉलिंग की अगुवाई की और अंग्रेजों की टीम में तबाही मचा कर रख दिया। एक तरफ जब प्रसिद्ध कृष्णा, रविंद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर जैसे गेंदबाज ना तो विकेट ले पा रहे थे और ना ही रन रोक पा रहे थे। उस समय में सिराज ने मोर्चा संभाला और टीम इंडिया का काम आसान किया।



वहीं अब मोहम्मद सिराज को लेकर एक ऐसा रिकॉर्ड सामने आया जिस पर यकीन कर पाना मुश्किल है। सीरीज के पहले मैच की बात करें तो मोहम्मद सिराज कुछ खास प्रभावी नहीं दिखे थे। सिराज को दोनों पारियों में मिलाकर सिर्फ 2 सफलता मिल पाई थी। वहीं उनके साथ जसप्रीत बुमराह ने पहली पारी में पंजा यानी 5 विकेट लिए थे। इसके कारण उनकी खूब आलोचना हुई थी। यह कहा जाने लगा कि बुमराह के साथ सिराज साइड हीरो की तरह काम करते हैं। ऐसे में एक नई बात जो सामने आई है वह ये है कि सिराज की गेंदबाजी बुमराह के साथ बेहतर है फिर उनके बिना। बता दें कि खास तौर से टेस्ट क्रिकेट में सिराज गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह के बिना ज्यादा बेहतर करते हैं।जसप्रीत बुमराह के साथ मोहम्मद सिराज की गेंदबाजी की बात करें तो उनका औसत काफी ज्यादा है। सिराज बुमराह के साथ अब तक कुल 44 पारियों में मैदान पर उतरे हैं, जिसमें उनका औसत 33.82 का है। वहीं बिना बुमराह के सिराज 26 पारियों में मैदान पर उतरे हैं। इस दौरान उनका औसत सिर्फ 25.21 का है। इससे यह साबित होता है कि मोहम्मद सिराज बुमराह के बिना कम रन खर्च कर विकेट निकालते हैं।मोहम्मद सिराज ने टीम इंडिया के लिए साल 2020 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना टेस्ट किया था। डेब्यू के बाद से वह अब तक कुल 38 टेस्ट मैचों में उतर चुके हैं। इस दौरान उन्होंने कुल 108 विकेट अपने नाम किए हैं। वहीं उनके गेंदबाजी के औसत को देखा जाए तो 30.71 है। इसके अलावा उन्होंने 4 बार टेस्ट में 5 या उससे ज्यादा विकेट लेने का कारनामा किया है।

# आर्सेनल के पूर्व मिडफील्डर थॉमस पार्टे की मुश्किलें बढ़ी, 3 महिलाओं ने लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप

**लंदनः** आर्सेनल के पूर्व मिडफील्डर थॉमस पार्टे पर मेट्रोपोलिटन पुलिस सर्विस द्वारा बलात्कार के पांच मामलों और यौन उत्पीड़न के एक मामले का आरोप लगाया गया है। ये घटनाएं 2021 और 2022 के बीच की बताई जा रही हैं। उन्हें 5 अगस्त को वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश होना है। घाना के इस मिडफील्डर ने हाल ही में 1 जुलाई को आर्सेनल छोड़ दिया था, क्योंकि उन्होंने क्लब के साथ अनुबंध विस्तार पर हस्ताक्षर नहीं किए थे।



मेट्रोपॉलिटन पुलिस द्वारा जारी बयान में कहा गया है, 'क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस ने जासूसों द्वारा सबूतों की एक फाइल जमा करने के बाद मेट्रोपॉलिटन पुलिस सर्विस को एक व्यक्ति पर आरोप लगाने के लिए अधिकृत किया है। मेट ने हर्टफोर्डशायर के 32 साल के थॉमस पार्टे के खिलाफ अपराधों के संबंध में आरोप और समन जारी किया है। बलात्कार के दो मामले एक महिला से संबंधित हैं, तीन मामले दूसरी महिला से संबंधित हैं और यौन उत्पीड़न का एक मामला तीसरी महिला से संबंधित है।पार्टे ने 2012 में एटलेटिको मैड्रिड के लिए करार किया था और स्पेनिश क्लब के लिए शानदार प्रदर्शन किया, जिससे उनकी टीम को 2018 में यूरोपा लीग और 2021 में ला लीगा जीतने में मदद मिली। आर्सेनल ने अक्टूबर 2020 में ट्रांसफर डेडलाइन के दिन पार्टे को एटलेटिको मैड्रिड से उनके 45 मिलियन पाउंड के रिलीज क्लॉज का भुगतान करके साइन किया था। मिडफील्डर ने आर्सेनल के लिए 167 मैच खेले हैं, जिसमें उनके नाम नौ गोल हैं।वहीं, जांच में जुटी डिटेक्टिव सुपरिंटेंडेंट एंडी फरपी ने कहा, 'हमारी प्राथमिकता उन महिलाओं को सहायता प्रदान करना है जो आगे आई हैं। हम इस मामले से प्रभावित किसी भी व्यक्ति या जानकारी रखने वाले किसी भी व्यक्ति से हमारी टीम से बात करने का आग्रह करेंगे। आप इस जांच के बारे में जासूसों से हमसे संपर्क कर सकते हैं।'

# पाक को नहीं पता मसूद का ठिकाना : बिलावल भुट्टो

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री और पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो ने कहा कि पाकिस्तान को जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर का ठिकाना नहीं पता है। अगर भारत यह जानकारी दे कि अजहर पाकिस्तान में हैं, तो पाकिस्तान उसे गिरफ्तार करने में खुशी होगी। मसूद अजहर भारत में 2001 के संसद हमले, 26/11 मुंबई हमले, 2016 के पठानकोट हमले और 2019 के पुलवामा हमले जैसे आतंकी हमलों में शामिल रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने उसे 2019 में ग्लोबल टेररिस्ट घोषित किया था। अल जजीरा को दिए एक इंटरव्यू में बिलावल ने कहा- लश्कर-ए-तैयबा के सरगना हाफिज सईद आजाद नहीं हैं। यह गलत है कि हाफिज सईद आजाद हैं, वह पाकिस्तानी हिरासत में हैं। बिलावल ने आगे कहा- मसूद अजहर के बारे में हमें नहीं पता कि वह कहां है। हमें लगता है कि वह शायद अफगानिस्तान में हो सकता है। अगर भारत सरकार हमें जानकारी दे कि अजहर पाकिस्तान में है, तो हम उसे गिरफ्तार करने को तैयार हैं। लेकिन भारत ऐसा नहीं कर रहा।' उन्होंने यह भी कहा कि आतंकवाद रोकने के लिए देश एक-दूसरे से जानकारी शेयर करते हैं। हमने लंदन, न्यूयॉर्क और पाकिस्तान में हमलों को रोकने के लिए ऐसा किया है। अगर मसूद अजहर अफगानिस्तान में है, तो वहां नाटो भी उसे पकड़ नहीं पाया। पाकिस्तान के लिए वहां जाकर यह करना मुमकिन नहीं है। बिलावल का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब दो महीने पहले भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के कई आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया था। इस हमले में मसूद अजहर के परिवार के 10 सदस्य और 4 सहयोगी मारे गए थे।



लेबनान के बेरूत में 2019 से बैंक जमा पर जारी प्रतिबंधों के विरोध में एक व्यक्ति ने ब्लॉम बैंक की इमारत पर टमाटर फेंके। खराब आर्थिक स्थिति से गुजर रहे लोगों में इस फैसले के खिलाफ भारी गुस्सा है।

## शॉट न्यूज

### रोम के गैस डिपो में भीषण ब्लास्ट 21 घायल

**रोम।** इटली की राजधानी रोम के एक पेट्रोल स्टेशन और गैस डिपो में भीषण ब्लास्ट हुआ है। हादसे में 21 लोग घायल हुए हैं। ब्लास्ट के बाद आग का एक बड़ा गोला आसमान में दिखाई दिया। यह ब्लास्ट स्थानीय समयानुसार लगभग सुबह 8 बजे हुआ। ब्लास्ट के बाद घटनास्थल से 300 मीटर दूर तक मलबा बिखर गया। यूके मिरर की रिपोर्ट के मुताबिक यहां एक के बाद एक दो ब्लास्ट हुए हैं। पहले विस्फोट से पहले गैस की गंध आ रही थी। इसके बाद दूसरा ब्लास्ट हुआ और आग का एक बड़ा गोला आसमान में छा गया।

### अमरनाथ यात्रा- चंदरकोट में काफिले की बसें टकराईं, 25 घायल

**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रियों को लेकर जा रहे काफिले की चार बसों में टक्कर हो गई। रामबन जिले में चंदरकोट लंगर के पास हुए हादसे में करीब 25 यात्री घायल हो गए हैं। हादसा तब हुआ, जब ब्रेक फेल होने के कारण एक बस का ड्राइवर नियंत्रण खो बैठा। इससे काफिले में शामिल तीन और बसें आपस में टकरा गईं। खबर मिलते ही रेस्क्यू टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और घायल तीर्थयात्रियों को इलाज के लिए जिला अस्पताल रामबन ले जाया गया है। बाकी यात्रियों को दूसरी गाड़ियों से पहलगाम के लिए रवाना किया गया है। इससे पहले भारी बारिश के बावजूद 6,900 से तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था शनिवार को भगवती नगर बेस कैंप से रवाना हुआ है। इस जत्थे में 5196 पुरुष, 1427 महिलाएं, 24 बच्चे, 331 साधु और साध्वी तथा एक ट्रांसजेंडर शामिल है।

### पटना के बड़े बिजनेसमैन की गोली मारकर हत्या

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान थाना इलाके में बिजनेसमैन गोपाल खेमका की कल रात 11 बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई। फिलहाल सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया। वहीं, मामले की जांच शुरू करते हुए पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। जांच के लिए एसआईटी भी गठित की गई है। जानकारी के मुताबिक खेमका पटना के बड़े बिजनेस मैन थे। गोपाल खेमका के बेटे गुंजन खेमका की भी हत्या वैशाली के औद्योगिक थाना इलाके में अपराधियों ने 6 वर्ष पहले कर दी थी। बताया जा रहा है कि गोपाल खेमका अपने आवास पनास होटल के पास एक अपार्टमेंट में अपनी कार से जैसे ही उतरे, अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी. जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

इजरायल पहले ही संघर्ष विराम पर जता चुका है सहमति

# हमास सीजफायर प्रस्ताव पर तुरंत बातचीत को तैयार

**गाजा ● एजेंसी**

फिलिस्तीन के उग्रवादी संगठन हमास ने आज कहा वो इजराइल के साथ 60 दिन के युद्धविराम प्रस्ताव पर तुरंत बातचीत के लिए तैयार है। यह प्रस्ताव कतर की तरफ से दिया गया था। इजराइल बुधवार को ही इस युद्धविराम प्रस्ताव को मंजूरी दे चुका है। हालांकि पहले भी दोनों पक्ष कई बार समझौते के करीब पहुंचे थे, लेकिन आखिरी समय में छोटी-छोटी बातों पर सहमति टूट गई थी। इससे पहले ट्रम्प ने मंगलवार को अपने ट्रुथ सोशल पोस्ट में हमास को चेतावनी देते हुए कहा था- मुझे उम्मीद है कि हमास इस सौदे को स्वीकार कर लेगा, वरना उनके लिए हालात और खराब हो जाएंगे। 7 अक्टूबर 2023 को शुरू हुई इजराइल-हमास जंग में अब तक 56 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं, जबकि लाखों को अपना घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है। ट्रम्प के विशेष प्रतिनिधि स्टीव विटकॉफ इस युद्धविराम की मध्यस्थता कर रहे हैं। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि अमेरिका, कतर और मिस्र यह तय करेंगे कि युद्धविराम के दौरान युद्ध को खत्म करने पर बातचीत हो। हालांकि, इजराइली पीएम नेतन्याहू जंग खत्म करने को लेकर असमंजस में हैं, क्योंकि उनकी गठबंधन सरकार के दक्षिणपंथी सदस्य इसे स्वीकार करने पर सरकार गिराने की धमकी दे रहे हैं। वहीं, हमास के नए नेता इज्ज अल-दीन अल-हद्दाद ने जंग खत्म करने, गाजा से इजराइली सेना की वापसी, कैदियों की रिहाई और गाजा रिडेवलप करने की मांग कर रहे हैं।

**प्रस्ताव**



### 21 महीने की जंग में 56 हजार फिलिस्तीनियों की मौत


हमास-इजराइल के बीच 21 महीने से संघर्ष जारी है। हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल पर हमला कर दिया था। इजराइली आंकड़ों के अनुसार, इस हमले में 1,200 लोग मारे गए और 251 बंधक बनाए गए थे। हमास ने यह हमला इजराइल के कब्जे, गाजा की नाकेबंदी और हजारों फिलिस्तीनी की रिहाई की मांग के लिए किया था। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि 7 अक्टूबर के बाद इजराइल के सैन्य हमले में 56 हजार से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं। गाजा में जंग के बीच 5 लाख लोगों पर भुखमरी का संकट पैदा हो गया है। गाजा के हालात पर 12 मई को संयुक्त राष्ट्र ने एक रिपोर्ट पेश की थी। इसके मुताबिक अगर इजराइल पाबंदियां नहीं हटाता है तो गाजा में हर 5 में से 1 व्यक्ति भुखमरी की चपेट में आ सकता था। साथ ही 21 लाख लोगों को अकाल का सामना भी करना पड़ सकता था।

### श्रीलंका बोला- किसी कीमत पर कच्चाथीवू द्वीप नहीं छोड़ेंगे

**कोलंबो।** श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिथा हेराथ ने कहा कि उनका देश किसी भी कीमत पर कच्चाथीवू द्वीप को नहीं छोड़ेगा। उन्होंने भारत में इस मुद्दे पर चल रही बहस को यहां की राजनीतिक पार्टियों के बीच का मामला बताया। हेराथ ने कहा- हमारे पास इस मुद्दे को सुलझाने के लिए डिप्लोमेटिक रास्ते खुले हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक कच्चाथीवू द्वीप श्रीलंका का हिस्सा है और हम इसे कभी नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने भारतीय मछुआरों पर कच्चाथीवू द्वीप के पास श्रीलंकाई समुद्री सीमा में घुसकर मछली पकड़ने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भारतीय मछुआरे न सिर्फ यहां संसाधनों को लूट रहे हैं, बल्कि समुद्री पौधों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। यह बयान भारत और श्रीलंका के बीच मछुआरों की गिरफ्तारी के विवाद के बीच आया है। भारत और श्रीलंका के मछुआरे अक्सर गलती से एक-दूसरे के जलक्षेत्र में एंट्री कर जाते हैं, जिसकी वजह से उनकी गिरफ्तारी होती है। यह मुद्दा दोनों देशों के बीच लंबे समय से विवाद का कारण बना हुआ है। भारत के तमिलनाडु और श्रीलंका के बीच काफी बड़ा समुद्री क्षेत्र है। इस समुद्री क्षेत्र को पाक जलडमरूमध्य कहा जाता है। यहां कई सारे द्वीप हैं, जिसमें से एक द्वीप का नाम कच्चाथीवू है। श्रीलंका के विदेश मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक कच्चाथीवू 285 एकड़ में फैला एक द्वीप है।

अभी भी बारिश जारी

# अमेरिका के टेक्सास में बाढ़ से 24 की मौत 23 लड़कियां लापता



**वॉशिंगटन डीसी ● एजेंसी**

अमेरिका के टेक्सास राज्य में भारी बारिश के बाद ग्वाडालूप नदी में आई बाढ़ से 24 लोगों की मौत हो गई, जबकि 23 लड़कियां लापता हो गई। अब तक 400 से ज्यादा लोगों को बचाया गया है। टेक्सास के गवर्नर डैन पैट्रिक ने बताया कि रेस्क्यू टीम काम कर रही है। जिसमें नौ बचाव दल, 14 हेलिकॉप्टर और 12 ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। कर्विल के पास कैंप मिस्टिक, जो एक लड़कियों का समर कैंप है, पूरी तरह बाढ़ में डूब गया। कैंप में मौजूद 750 लड़कियों को बचाया गया है। कैंप में बिजली नहीं है और कई बच्चे अभी भी रेस्क्यू टीम का इंतजार कर रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि कितने लोग लापता हैं, इसका सटीक आंकड़ा बताना मुश्किल है। पूर्वानुमान में बारिश की संभावना जताई गई थी, और लगभग 30 हजार लोगों के लिए चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले कुछ घंटों में टेक्सास और तेज बारिश हो सकती है। टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने कहा- हम बाढ़ से निपटने के लिए सभी जरूरी संसाधनों को इस्तेमाल कर रहे हैं। नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक, गुरुवार देर रात और कल सुबह कर्विल काउंटी में 5 से 10 इंच बारिश हुई, जिसकी वजह से टेक्सास में ग्वाडालूप नदी का जलस्तर कुछ ही घंटों में 7 फीट से बढ़कर 29 फीट हो गया।

### 2600 घरों की बिजली गुल

बारिश की वजह से नदी ने लोकल नाले और जलमार्गों में उफान पर ला दिया, जिससे सड़कें डूब गईं। ट्रेलर और वाहन बह गए। सैन एंटोनियो की इमरजेंसी टीमों ने हेलिकॉप्टर और ड्रोन के जरिए तलाश और बचाव कार्य शुरू किया है। इलाके में मौजूद लोगों ने लोकल मीडिया को बताया कि बाढ़ का पानी अचानक आया और उन्हें पेड़ों पर चढ़कर जान बचानी पड़ी। बाढ़ की वजह से बिजली लाइनें गिर गईं और कर्विल के आसपास के इलाकों में लगभग 2,600 घरों की बिजली गुल हो गई।

# रूस का यूक्रेन पर 550 मिसाइल और ड्रोन से हमला

**नई दिल्ली ● वॉशिंगटन डीसी**

रूस ने यूक्रेन पर कल सुबह 500 मिसाइलों और ड्रोनों से हमला किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की ने दावा किया कि इनमें से 270 मिसाइलों को हवा में मार गिरा गया। इनके अलावा 330 शाहेद ड्रोन भी थे। इनमें से 208 ड्रोन को इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम के जरिए जाम कर दिया गया। ये ड्रोन ईरान में बने हैं। कीव के अलावा द्निप्रो, सुमी, खार्किव, चेर्निहिव और आसपास के इलाकों को भी नुकसान पहुंचाया। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने बताया कि इस हमले में कम से कम 23 लोग घायल हुए हैं और उनमें से 14 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। इस हमले से कीव के कई इलाकों में अपार्टमेंट बिल्डिंग, दुकानों, एक स्कूल, एक अस्पताल, रेलवे लाइन और दूसरे जरूरी ढांचों को नुकसान पहुंचा है। कीव इंडिपेंडेंट के मुताबिक धमाकों की आवाजें 3 जुलाई को रात 10 बजे से ही सुनाई देने लगी थीं और ये 4 जुलाई की सुबह तक जारी रहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को फोन पर बात की। जनवरी में ट्रम्प के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद दोनों नेताओं ने छठी बार बातचीत की। रूस के मुताबिक, दोनों नेताओं ने यूक्रेन, ईरान और अमेरिका-रूस संबंधों समेत कई मुद्दों पर बात की। इस दौरान पुतिन ने साफ किया कि रूस, यूक्रेन वॉर की असल वजह को खत्म करके ही रहेगा। उन्होंने कहा कि वे यूक्रेन के साथ बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन उसे नाटो में शामिल होने जिद छोड़नी पड़ेगी और 2022 के बाद रूस ने जिन इलाकों पर कब्जा कर लिया है।

मालदीव जा सकते हैं पीएम मोदी

# मोदी को स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए मुइज्जू ने दिया निमंत्रण

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी महीने 26 जुलाई को मालदीव की यात्रा कर पर जा सकते हैं। यह नवंबर 2023 में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पदभार संभालने के बाद से मालदीव की उनकी पहली यात्रा होगी। पीएम मोदी के 26 जुलाई को मालदीव के स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने की संभावना है। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने पिछले साल 2024 में प्रधानमंत्री मोदी को इस विशेष अवसर के लिए आमंत्रित किया था, जिसे हाल ही में मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील ने अपनी भारत यात्रा के दौरान दोहराया। यह संभावित यात्रा भारत और मालदीव के बीच संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू के नेतृत्व में दोनों देशों के बीच कुछ समय तक तनाव रहा था, विशेष रूप से मुइज्जू की 'इंडिया आउट' नीति और भारतीय सैन्य कर्मियों की वापसी की मांग के कारण। हालांकि, हाल के महीनों में मालदीव ने भारत के साथ अपने संबंधों को बेहतर करने की दिशा में कई कदम उठाए हैं। मुइज्जू ने पिछले साल अक्टूबर में भारत की यात्रा की थी, जहां दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को 'व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी' में बदलने पर सहमति जताई थी। भारत ने मालदीव की वित्तीय चुनौतियों से निपटने के लिए 30 बिलियन रुपये और 400 मिलियन डॉलर की द्विपक्षीय मुद्रा स्वैप समझौते के तहत सहायता प्रदान करने का भी निर्णय लिया था।

**निमंत्रण**



### खास है स्वतंत्रता दिवस समारोह

मालदीव हर साल 26 जुलाई को अपना स्वतंत्रता दिवस मनाता है, जो 1965 में ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता प्राप्त करने की याद दिलाता है। इस दिन रंगारंग परेड, राष्ट्रीय कैडेट कोर और राष्ट्रीय सुरक्षा सेवा की प्रस्तुतियां, स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रदर्शन और झंडा फहराने का समारोह आयोजित किया जाता है। यह आयोजन मालदीव की राजधानी माले में विशेष रुप से भव्य होता है। 2025 में यह मालदीव का 60वां स्वतंत्रता दिवस होगा, जिसे और भी खास बनाने के लिए भारत के प्रधानमंत्री की उपस्थिति को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक -** दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक-** दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)